Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

Happy Raksha Bandhan

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 218 | शनिवार, 09 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### 'दक्षिण चीन सागर में शांति स्थिरता चाहता है भारत'

**नई दिल्ली।**



विदेश मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण चीन सागर पर भारत का रुख 'साफ और एक जैसा' है। भारत इस समुद्री क्षेत्र को वैश्विक साझा संपत्ति मानता है और यहां शांति व स्थिरता में उसकी गहरी दिलचस्पी है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने यह बयान फिलीपींस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान एक विशेष ब्रीफिंग में दिया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि दक्षिण चीन सागर पर भारत का रुख 'साफ और स्पष्ट' है। भारत इस समुद्री क्षेत्र को वैश्विक साझा संपत्ति मानता है और यहां शांति, स्थिरता और मुक्त समुद्री आवागमन बनाए रखने में उसकी गहरी दिलचस्पी है। यह बयान विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड आर. मार्कोस जूनियर की भारत यात्रा के दौरान एक विशेष प्रेस ब्रीफिंग में दिया। इस दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव से हाल ही में संपन्न भारत-फिलीपींस नौसैनिक अभ्यास के बारे में पूछा गया। यह अभ्यास फिलीपींस के समुद्री तट के पास हुआ, जिसमें कुछ हिस्से दक्षिण चीन सागर के भी शामिल थे। यह क्षेत्र एशिया का एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के बड़े हिस्से का व्यापारिक जहाज यातायात गुजरता है। बता दें कि इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच साझा प्रशिक्षण, समुद्री सुरक्षा में सहयोग और आपसी तालमेल को मजबूत करना था। दक्षिण चीन सागर लंबे समय से क्षेत्रीय विवादों का केंद्र रहा है। चीन लगभग पूरे समुद्री क्षेत्र पर दावा करता है, जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान इसके अलग-अलग हिस्सों पर अधिकार जताते हैं।

**क्षेत्रीय भू-राजनीति पर बोला विदेश मंत्रालय**

### 'फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेस': खड़गे



**नई दिल्ली।**

बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव 'फर्जी वोटों' के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है।

## अमित शाह का जवाब, राहुल-लालू पर जमकर साधा निशाना

# 'जो भारत में नहीं जन्मा उसे वोट का अधिकार नहीं'



**नई दिल्ली।**

शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रहे राजनीतिक विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल बहाने ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्होंने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। एसआईआर को लेकर हुंकार भरते हुए शाह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव किसे बचाना चाहते हैं? क्या आप उन बांग्लादेशियों को बचाना चाहते हैं जो बाहर से आकर बिहार के लोगों की नौकरियाँ छीन लेते हैं? शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था... बिहार चुनाव हारने के बाद ये बहाने ढूँढ रहे हैं। शाह ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने चाहिए या नहीं? भारत का संविधान उन लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं देता जो भारत में पैदा नहीं हुए। राहुल गांधी संविधान लेकर घूम रहे हैं, उन्हें भी इसे खोलकर पढ़ना चाहिए। एसआईआर, ये इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं।

अमित शाह ने कहा कि बिहार में बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं तेजस्वी यादव से पूछना चाहता हूँ, उनके पिता और माता लंबे समय तक सत्ता में रहे। गुंडागर्दी, गैंग चलाने, अपहरण करने, फिरौती मांगने के अलावा आपने मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया है? शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं...लालू एंड कंपनी को पता नहीं है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, एनडीए की सरकार है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का किसी को हक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने वैश्विक मंच पर मिथिला की कला को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया।

### रक्षाबंधन पर धामी सरकार का तोहफा, कर सकेंगी बसों में मुफ्त सफर

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री के धराली दौरे के दौरान एक हृदयस्पर्शी घटना घटी, जिसमें गुजरात की एक पर्यटक, जो अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में फंस गई थी, ने अपने दुपट्टे का एक टुकड़ा फाड़कर मुख्यमंत्री को बाँध दिया। गुजरात के अहमदाबाद के ईशानपुर निवासी धनगौरी बरौलिया अपने परिवार के साथ गंगोत्री दर्शन के लिए उत्तराखंड आई थीं। 5 अगस्त को आई भीषण आपदा के कारण, वह अपने परिवार के साथ धराली में फंस गईं। सड़क अवरुद्ध होने, लगातार मलबा आने और तेज बहाव के कारण स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी स्नेह और विश्वास का प्रतीक है और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ा है। धामी ने महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

## चुनाव आयोग मामले पर राहुल गांधी को मिला घटक दलों का साथ, कहा- लड़ाई में हम आपके साथ


**नई दिल्ली।**



वोट चोरी के जरिए चुनावों में धांधली को अंजाम दिए जाने के राहुल गांधी के फोड़े गए ₹एटम बमर दावे की गंभीरता को चुनाव आयोग भले ही नकार रहा मगर विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन की तमाम पार्टियों के नेताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पूरा समर्थन करने का भरोसा दे दिया है।

विपक्षी दलों के नेताओं की गुरूवार हुई रात्रि भोज रणनीतिक बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस, सपा, शिवसेना यूबीटी से लेकर राजद सरीखे सभी प्रमुख घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव धांधली में कथित तौर पर चुनाव आयोग की अंदरूनी संदिग्ध भूमिका को उजागर करने की मुहिम में हर निर्णायक मोड़ पर कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही है। विपक्षी दलों से समर्थन का पुख्ता संदेश मिलने के साथ ही राहुल गांधी ने ₹वोट चोरी₹ के खिलाफ अपनी लड़ाई को और मुखर तेवर देना तय कर लिया है। चुनाव आयोग के खिलाफ 11 अगस्त को होने वाला विरोध मार्च इसकी पहली कड़ी बनेगी। वहीं बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के खिलाफ चुनावी धांधली के खिलाफ पटना में एक सितंबर को विपक्ष की मेगा रैली में मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे से लेकर आइएनडीआइए गठबंधन के शीर्षस्थ नेता शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव 2024 में कर्नाटक की सेंट्रल बेंगलुरू सीट के एक विधानसभा सीट महादेवपुरा में चुनाव आयोग की मतदाता सूची में एक लाख से अधिक फर्जी वोटर होने के राहुल गांधी के दावों का आइएनडीआइए के तमाम दलों का पूरा समर्थन करने की पुष्टि खुद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की। साथ ही यह कहने से गुरेज नहीं किया कि तमाम नेताओं ने चुनाव आयोग के असहयोग के बावजूद चुनावी धांधली का खुलासा करने के लिए नेता प्रतिपक्ष के चुनौतीपूर्ण काम की प्रशंसा की।

### जैसलमेर के लोंगेवाला पोस्ट के पास चीन निर्मित ड्रोन मिला



**जैसलमेर।**

पाकिस्तान से सटी से अंतराष्ट्रीय सरहद पर 15 अगस्त से पहले सीमा सुरक्षा बल हाईअलर्ट पर है। जवानों ने जैसलमेर , बाड़मेर , बीकानेर व श्रीगंगानगर से लगते बॉर्डर पर पेट्रोलिंग भी बढ़ाई है। इस बीच गुरुवार शाम को जैसलमेर के लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों को एक चाइनीज ड्रोन मिला है। सूत्रों के अनुसार ये एक चाइनीज हाईटेक जासूसी ड्रोन है। इसमें एक कैमरा भी लगा है। जानकारी के अनुसार जवानों को ड्रोन जैसलमेर के सेक्टर साउथ में मिला था। फिलहाल इसके कंट्रोलिंग को लेकर जांच की जा रही है कि इसे कहां से ऑपरेट किया जा रहा था। पाकिस्तान ने राजस्थान बॉर्डर से लगते इलाकों में ड्रोन अटैक किए थे ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान बॉर्डर से लगते इलाकों में ड्रोन अटैक किए थे ।

## 'रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन से मुलाकात-चर्चा बहुत जल्द'

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वे जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे। ट्रंप ने साथ ही ये कहा कि वे पुतिन से तब भी मिलेंगे अगर वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को तैयार न हों। यूरोप में चिंता है कि इससे यूक्रेन को शांति प्रयासों से बाहर कर दिया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वे बहुत जल्द रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे, ताकि यूक्रेन युद्ध पर चर्चा हो सके। उन्होंने बताया कि बैठक का स्थान जल्द घोषित किया जाएगा।





## सीतामढ़ी में अमित शाह ने रखी भव्य जानकी मंदिर की आधारशिला

**नई दिल्ली।**

कुल राशि में से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर और उसके परिसर के विकास पर खर्च किए जाएँगे, जबकि 728 करोड़ रुपये पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर खर्च किए जाएँगे। इसके अलावा, 10 वर्षों तक व्यापक रखरखाव पर 16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएँगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के सीतामढ़ी ज़िले के पुनौराधाम स्थित जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रही जिसे देवी सीता की जन्मस्थली माना जाता है। 882.87 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। अमित शाह ने सबसे पहले देवी सीता के मंदिर में पूजा की। राज्य मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई को मंदिर परिसर के एकीकृत विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये स्वी कुल राशि में से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर और उसके परिसर के विकास पर खर्च किए जाएँगे, जबकि 728 करोड़ रुपये पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर खर्च किए जाएँगे। इसके अलावा, 10 वर्षों तक व्यापक रखरखाव पर 16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएँगे। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) इस परियोजना का क्रियान्वयन करेगा। राज्य सरकार ने हाल ही में मंदिर के निर्माण और पुनर्विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया है। बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही, भाजपा, जद(यू) और लोजपा वाला राजग एक बार फिर बिहार में अपनी सत्ता बरकरार रखने की कोशिश करेगा, और राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों वाला भारत ब्लॉक, नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश करेगा।

- बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) इस परियोजना का क्रियान्वयन करेगा।

## धराली में लापता लोगों की खोज में हर तकनीक का इस्तेमाल

**देहरादून/उत्तरकाशी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री तीसरे दिन भी ग्राउंड जीरो पर हैं। धराली आपदा में लापता लोगों की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। खोजबीन के लिए हर तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की ओर से थर्मल इमेजिंग, विक्टिम लोकेटिंग कैमरे और खोजी कुत्तों की मदद से मलबे व भारी भरकम पत्थरों के नीचे तलाश की जा रही है। शुक्रवार को शाम तक 257 फंसे लोगों को रेस्क्यू किया। जबकि अब तक (चार दिन) 729 से अधिक फंसे लोगों को हर्षिल, गंगोत्री, मातली से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री तीसरे दिन भी ग्राउंड जीरो पर हैं। प्रभावितों से मिलने के साथ ही बचाव व राहत कार्यों की पल-पल की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने मातली हेलिपैड पहुंचकर हेलिकॉप्टर से राहत सामग्री की खेप रवाना की। चिनूक व एमआई-17 हेलिकॉप्टर से बचाव व राहत कार्य के लिए मशीनरी पहुंचाने के साथ ही फंसे लोगों को निकाला जा रहा है।

**729**

**को किया जा चुका रेस्क्यू**



## संपादक की कलम से

# रूस-अमरीका में शीत युद्ध

अमरीका के रूस-विरोधी रवैये के मद्देनजर शीत युद्ध के आसार बन गए हैं। रूस और अमरीका के बीच 8 दिसंबर, 1987 को एक संधि हुई थी कि दोनों देश 500 किमी. से 5000 किमी. तक प्रहार करने वाली मिसाइलों को नष्ट करेंगे। रूस ने 38 साल पुरानी वह संधि रद्द कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ थोपा है, उसका बुनियादी कारण रूस ही बताया है। अमरीकी राष्ट्रपति को रूस के साथ तेल और हथियारों के, भारत के कारोबार पर, घोर आपत्ति है। रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। नतीजतन परमाणु युद्ध के खतरे की आशंकाएं बढ़ गई हैं। वैसे भी रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है। रूस के पास 16,000 किमी. तक हमला करने वाली बैलेस्टिक मिसाइलें भी हैं। अमरीका उनके प्रहार की परिधि में है। राष्ट्रपति ट्रंप को पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि व्यापार और टैरिफ बदला लेने को नहीं होते। दूसरे देश भी पलटवार में ऊंचे टैरिफ लगा सकते हैं। अन्य देशों में नौकरियां जा सकती हैं और अमरीका में भी महंगाई के कारण अराजकता फैल सकती है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप जिस सोच के तहत देशों के आयात पर टैरिफ थोप रहे हैं, उससे रातोंरात अमरीका एक बार फिर महान नहीं बन सकता। फैक्टरियां और कारखाने नहीं खुल सकते। अमरीका देखते ही देखते मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ नहीं बन सकता। एक उदाहरण केले का ही लें। अमरीका ने 2024 में 28,000 करोड़ रुपए का केला आयात किया। उसमें भारत से सबसे अधिक आयात किया गया। अमरीका फल-सब्जियों, ऑटो पार्ट्स, दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर चिप्स, स्मार्ट फोन आदि के लिए भारत समेत अन्य देशों पर आश्रित है। किस-किस देश पर टैरिफ थोपेंगे? चीन को 90 दिनों की छूट क्यों दी गई है, जबकि अमरीका उसे सबसे बड़ा दुश्मन देश मानता है? अमरीका में 10 फीसदी लोग ही कृषि में नौकरी या काम करते हैं। कुल 2.21 करोड़ अमरीकी कृषि से जुड़े बताए जाते हैं। अमरीकी प्रशासन को 2025 में ही 3.65 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ी है। अमरीका इस घाटे को पाटना चाहता है, लिहाजा भारत को लगातार बाध्य कर रहा है कि वह कृषि और डेयरी उद्योग के क्षेत्र अमरीका के लिए खोल दे। भारत अनुमति नहीं देने पर अडिग है। भारत-अमरीका के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते का मुख्य विवाद यही है। अब तो राष्ट्रपति ट्रंप ने बयान दे दिया है कि जब तक टैरिफ का विवाद नहीं सुलझता, तब तक व्यापार समझौते पर वार्ता भी नहीं होगी। क्या व्यापार समझौता भी खटाई में पड़ गया है? बहरहाल रूस ने नाटो देशों के खिलाफ अपना बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं और अमरीका ने भी परमाणु पनडुब्बियां सागर में उतार दी हैं। यदि एक और युद्ध छिड़ता है, तो विश्व के प्रमुख देश भी निशाने पर होंगे। क्या एक और विश्व युद्ध छिड़ सकता है? यदि युद्ध छिड़ता है, तो दुनिया भर में सप्लाई लाइन बिगड़ सकती है। भारत को टैरिफ से नुकसान होना स्वाभाविक है, लेकिन युद्ध भी प्रभावित करेगा। वैसे अगले सप्ताह राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन संयुक्त अरब अमीरात में मिल सकते हैं। यह रूस के क्रेमलिन ने घोषणा की है। उम्मीद है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का कोई रास्ता निकलेगा। बहरहाल भारत घरेलू खपत पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा हमें घरेलू खपत बढ़ानी होगी। स्वदेशी पर जोर देना होगा। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नीति बनानी होगी। इससे हमारी लागत घटेगी। तभी हम ताइवान और वियतनाम जैसे देशों का मुकाबला कर सकेंगे। निर्यात पर आधारित उद्योगों को सबसिडी देने पर विचार करना होगा, ताकि लागत घट सके। ये सुझाव व्यापार और अर्थव्यवस्था से जुड़े विशेषज्ञों के हैं। एक और विचार सामने आया है कि रूस, भारत, चीन तीनों देश एक ही मंच पर आ जाएं और एक संगठन बनाएं। यह ब्रिक्स से अलग होगा। क्या तीनों देश एक ही पाले में आ सकते हैं?



ललित शर्मा
संपादक

मोनिका डागा

रक्षाबंधन

कविता



रक्षाबंधन का आया पर्व सुंदर सुहाना,
भाई बहनों का हंसना खिल खिलाना,
बहन रक्षा सूत्र बांध करती ईश से प्रार्थना,
सलामत रखना मेरे भाई को करती मैं अराधना।

नजर उतारूं मैं दूर हो जाए सारी बलाएं,
सुख समृद्धि बरसे अपार मेरी शुभकामनाएं
भाई भी देता बहना को प्यार का अनुपम उपहार,
बहना तेरी चहक से महकता मेरा सारा संसार।

खट्टा मीठा है ये नेह प्रीत का अटूट बंधन,
मौज मस्ती बचपन की प्रेम खिले संग अंतरमन,
तेरे रेशम के धागे का बहना मान सदा रखूंगा,
वचन है मेरा आखिरी सांस तक इसे निभाऊंगा।

पावन संस्कृति हमारी है यह अनुपम और अनुठी,
पूजनीय है हर रिश्ता स्नेह लड़ियों में सुंदर गूंथी,
अपनी साहित्य संस्कृति संस्कारों पर हमें गर्व है,
आनंद यहां जीवन का हर त्यौहार एक उत्सव है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भाई-बहन के प्यार का प्रतीक होता है रक्षाबंधन



आज भाई-बहन के आपसी प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन है। सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर राखी का त्योहार मनाया जाता है। यह दिन भाई-बहनों के प्रेम, रिश्ते, विश्वास और उनकी ताकत को समर्पित है। इस दिन सभी बहनें अपने भाई की तरक्की और सुखी जीवन की कामना करते हुए उसे राखी बांधती हैं। इस दौरान भाई भी बहन के प्रेम-सम्मान को स्वीकार करते हुए उसे जीवन भर रक्षा का वचन देता है। यह दिन रिश्तों सहित घर-परिवार और समाज में भी खुशियों की लहर लेकर आता है। रक्षाबंधन न केवल भारत का मुख्य पर्व है बल्कि कई अन्य देशों में भी इसकी खास रौनक देखने को मिलती हैं। इस वर्ष 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। ऐसे में इस दिन भद्रा, राहुकाल और राखी बांधने का शुभ समय क्या होगा, आइए जानते हैं। पंचांग के मुताबिक इस साल श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त 2025 को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो रही है। यह तिथि 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए 9 अगस्त 2025 शनिवार को रक्षाबंधन है। ज्योतिषियों की मानें तो इस साल राखी पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। दरअसल, सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर भद्रा सूर्योदय से पहले खत्म हो जाएगी। यह 8 अगस्त को दोपहर 02 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी। इसका समापन अगले दिन सुबह 1 बजकर 52 मिनट पर है। इस दिन सूर्योदय सुबह 5 बजकर 47 मिनट पर होगा। यही कारण है कि रक्षाबंधन पर भद्रा का साया मान्य नहीं होगा। रक्षाबंधन पर राहुकाल सुबह 9 बजकर 07 मिनट से शुरू होगा। यह सुबह के 10 बजकर 47 मिनट तक बना रहेगा। इसलिए आप इस बीच भाई को राखी बांधने से बचें। ज्योतिषियों के मुताबिक राहुकाल में गृह प्रवेश, मुंडन, शुभ काम, यात्रा और खरीदारी जैसे कार्यों को करने से बचना चाहिए। इससे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से शुरू हो रहा है, जो दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। अब चूंकि सुबह के 9 बजकर 7 मिनट से लेकर 10 बजकर 47 मिनट तक राहुकाल रहेगा, इसलिए आप इस समय को छोड़कर अन्य अवधि में अपने भाई को राखी बांध सकती हैं। खास बात यह है कि राखी पर न केवल शुभ मुहूर्त बल्कि योगों का संयोग भी त्योहार पर बना हुआ है। बता दे, राखी पर ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 22 मिनट से 5 बजकर 04 मिनट तक है। इसके अलावा सुबह 5 बजकर 47 मिनट से दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बहनों को मिल रहा है। रक्षाबंधन पर सौभाग्य योग का खास संयोग जातकों को पूरे दिन मिल रहा है।

### रक्षाबंधन पर ग्रहों का दुर्लभ संयोग

इस साल राखी पर शनि मीन और सूर्य कर्क राशि में रहेंगे। साथ ही चंद्रमा मकर में रहने वाले हैं। बुध कर्क व गुरु और शुक्र मिथुन में बने रहेंगे। राहु कुंभ और केतु सिंह में मौजूद होंगे। कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उसकी आरती उतारें।

### भाई को मिठाई खिलाएं।

डिस्क्लेमर (अस्वीकरण) : यहां दी गई जानकारी सामान्य मान्यताओं, ज्योतिष, पंचांग, धार्मिक ग्रंथों आदि पर आधारित है। यहां दी गई सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदायी नहीं है।

### रक्षाबंधन 2025 पर चौघड़िया मुहूर्त

- लाभ काल- प्रातः 10 :15 से दोपहर 12 :00 बजे
- अमृत काल- दोपहर 1 :30 से 3 :00 बजे
- चर काल- सायं 4 :30 से 6 :00 बजे

### पूजन विधि

- रक्षाबंधन के दिन सुबह ही सर्वप्रथम स्नान कर लें।
- फिर आप एक साफ थाली में रोली रखें।
- इसके बाद अक्षत, दही, रक्षा सूत्र और कुछ मिठाई रखें।
- अब शुद्ध देसी घी का दीपक जलाकर थाली में रखें।
- फिर भाई को पूर्व या उत्तर की तरफ मुंह करके बैठाएं।
- सबसे पहले अपने भाई को तिलक करें।

# आखिरकार दगाबाज चीन पर भरोसा करके फिर चोट खाने के रिस्क क्यों उठा रहे हैं भारत के प्रधानमंत्री मोदी?



मसलन, यहां पर सवाल भूमि के किसी कब्जाए हुए टुकड़े या सांप्रदायिक मिजाज पर वर्चस्व की मानसिकता का नहीं है, बल्कि उन दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक फैसलों से जुड़ा हुआ है जिसकी कीमत हमारे वीर जवानों और आम आदमियों को चुकानी पड़ती है। जब भी हमारे देश का कोई प्रधानमंत्री चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे शत्रु देशों से वैश्विक कूटनीति के नाम पर प्रेम और भरोसे के पींगे बढ़ाना चाहता है, या फिर नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार या तिब्बतियों पर भारतीयों की गाढ़ी कमाई लुटाता है तो मेरे मन में एक ही सवाल पैदा होता है कि हमारे इन नेताओं को इतिहास का ज्ञान नहीं है, या फिर भौगोलिक सच्चाई से ये नादान हैं। क्या इन्हें उन वीर जवानों और साम्प्रदायिक दंगा, आतंकवाद, नक्सलवाद, संगठित अपराध की भेंट चढ़े आमलोगों व सुरक्षा कर्मियों के चेहरे याद नहीं आते, उनकी विधवाओं और बच्चों, वृद्ध माता पिता आदि की याद नहीं आती, जिनकी असमय मौत का एकमात्र कारण चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश या इनका रिंग मास्टर अमेरिका की विध्वंसक नीतियां रही हैं। मसलन, यहां पर सवाल भूमि के किसी कब्जाए हुए टुकड़े या सांप्रदायिक मिजाज पर वर्चस्व की मानसिकता का नहीं है, बल्कि उन दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक फैसलों से जुड़ा हुआ है जिसकी कीमत हमारे वीर जवानों और आम आदमियों को चुकानी पड़ती है। जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी ने कहा था कि हम इतिहास बदल सकते हैं, लेकिन भूगोल नहीं, के बारे में सिर्फ इतनी सी दलील देना चाहूंगा कि आप इतिहास और भूगोल को यथावत रहने दीजिए, बस अपने राजनीति विज्ञान के विषय वस्तु बदल दीजिए। आपको पता होना चाहिए कि राजनीति विज्ञान परिवर्तन शील होता है, इसलिए इसे हमारे वीर जवानों और आम आदमियों के अनुकूल बना दीजिए। आपको भी इस बात का आभास होगा कि हमारे दलित-पिछड़े लोग इन सूक्ष्म प्रशासनिक बारीकियों को नहीं समझ पाते हैं, इसलिए इस अहम बदलाव के लिए किसी जनादेश का इंतजार मत कीजिए, बल्कि अपनी अंतरआत्मा से फैसले लीजिए। यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इस महीने के आखिर में चीन जा सकते हैं। यह सम्मेलन 31 अगस्त और 1 सितंबर को चीन के उत्तरी शहर तियानजिन में होना है।

सवाल है कि ऐसा अप्रत्याशित कदम वह तब उठा रहे हैं, जब अमेरिका-चीन प्रेरित हिन्दू विरोधी पाकिस्तानी आतंकवादी पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर से मिले जख्मों को ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जबकि साल 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद यह मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। वह इससे पहले 2018 में चीन गए थे। सीधा सवाल है कि जब प्रधानमंत्री मोदी गलवान सैन्य झड़प से इतने व्यथित थे कि लगातार पांच सालों तक चीन नहीं गए तो अब फिर पहलगाम कांड के तुरंत बाद ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्या आपकी अंतरात्मा अब मर चुकी है या फिर अप्रत्याशित अमेरिकी धोखे मिलने के बाद अगले चीनी धोखे खाने की बुनियाद रखने को लालायित मालूम पड़ते हैं! क्या आपको नहीं पता कि जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी की सद्भावना को मुंह को मुंह चिढ़ाने वाला चीन कभी भी भारत का सगा नहीं हो सकता। सुलगता सवाल है कि वर्ष1962 से साल 2020 तक जब चीन की फितरत नहीं बदली तो आगे फिर किस नीतिगत करिश्मे की उम्मीद आपको है। क्या वह डोकलाम झड़प विस्मृत कर चुके हैं? क्या वह तवांग दंश भूल चुके हैं? क्या बोमडिला उन्हें याद नहीं? क्या आपकी इस यात्रा से लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक की उसकी क्षुद्र मानसिकता बदल जाएगी? क्या भारत को उसके ही पड़ोसियों द्वारा घेरने की उसकी फितरत बदल जाएगी? यहां पर मैं यह समझ सकता हूँ कि हमारे कतिपय असरदार पर गद्दार नेताओं-अधिकारियों-उद्योगपतियों की तिकड़ी ने क्षणिक लाभवश अदूरदर्शिता दिखाते हुए अमेरिकी दबाव में भारतीय अर्थव्यवस्था को चीनी अर्थव्यवस्था पर निर्भर बना दिया। लेकिन इसी दिक्कत को दूर करने के लिये ही तो यूपीए के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 10 वर्षों के बाद सत्ता से बाहर करते हुए एनडीए के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्रीय सत्ता सौंपी गई। आप पिछले 11 वर्षों से सत्ता में हैं, लेकिन यह समझने में असमर्थ प्रतीत हो रहे हैं कि रूसी दबाव में चीनी मित्रता का प्रयास अपने ही पैर में कुल्हाड़ी मारने जैसा मूर्खता भरा कदम साबित होगा। यह जान लीजिए कि इतिहास खुद को दोहराता है और आप इससे बच नहीं सकते। मेरी स्पष्ट राय है कि अमेरिका से तल्खी के बीच चीन-ईरान से बढ़ रही नजदीकी कदापि भारत के पक्ष में नहीं होगी। खबर है कि पीएम नरेन्द्र मोदी एससीओ लीडर्स समिट में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात कर सकते हैं। वहीं इस दौरान वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी द्विपक्षीय मुलाकात कर सकते है। वहीं, चीन यात्रा से एक दिन पहले पीएम का जापान जाने का भी कार्यक्रम है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन दोनों ही यात्राओं को लेकर फिलहाल कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन बीते कुछ वक्त से भारत और चीन के संबंध सामान्य होने की दिशा में है। बीते महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन की यात्रा पर थे। उन्होंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ मुलाकात में इस बात का जिक्र किया था कि किस तरह से पीएम मोदी और चिनफिंग के निर्देशन से द्विपक्षीय संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली है। उसी चीन यात्रा के लिए ग्राउंड वर्क तैयार रहा करने के लिहाज से अहम थी। इससे पहले जून महीने में ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री राजनाथ भी चीन का दौरा किया था। सवाल है कि इतने तल्खी भरे रिश्ते के बावजूद भी दोनों देश कैसे करीब आए तो जवाब होगा कि पिछले वर्ष रूस में मोदी-जिनपिंग की हुई मुलाकात के बाद द्विपक्षीय रिश्तों की बर्फ ही नहीं पिघली, बल्कि पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर जैसा तात्कालिक जख्म भी मिला, जिससे अमेरिका-चीन दोनों बेनकाब हुए। इससे पहले बंगलादेश से भारत समर्थक शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट किया गया। भारत ने यहां भी आत्मघाती चुप्पी साधी, जिससे अमेरिका-चीन के हौसले बढ़े। यह ठीक है कि गत 23 जुलाई को पांच साल के अंतराल के बाद भारत ने चीन के लिए टूरिस्ट वीजा की बहाली की। वहीं, इस साल की शुरूआत में कैलाश मानसरोवर पर सहमति बनने के बाद 26 अप्रैल को इसके शेड्यूल की घोषणा हुई। वहीं, अब सीधी फ्लाइट्स की बहाली को लेकर भी सकारात्मक चर्चा चल रही है। इन परिस्थितियों में हमारी स्पष्ट सोच है कि अमेरिका, रूस, चीन को बातचीत के टेबल पर स्पष्ट कर दिया जाए कि आसेतु हिमालय के भारत के पड़ोसी देशों, अरब देशों, आशियान देशों में कोई भी भारत विरोधी कदम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि भारत गुटनिरपेक्ष देश ही नहीं बल्कि ग्लोबल साउथ का अगुवा राष्ट्र भी है। यदि चीन सहमत हैं तो प्रेम के पींगे बढ़ाइए, अन्यथा फुलस्टॉप लगा दीजिए। ऐसा करना ही हमारे लिए आर्थिक और सैन्य दृष्टि से श्रेयस्कर होगा। इससे भारत-चीन की ब्रेक के बाद होने वाली लड़ाई भी थम जाएगी।

# मेडिकल कैम्प व महिलाओं को स्वास्थ्य वर्धक मिनी किट का वितरण करेगी रेड्क्रास सोसायटी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर की बैठक जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता एवं योगेंद्र पाल सिंह योगी के संचालन में विदुर सभागार कलेक्ट्रेट बिजनौर में आयोजित की गई। शुक्रवार को बैठक के प्रारंभ में क्षय रोग से ग्रसित सौ मरीजों को स्वास्थ्यवर्धक पोटलियों का वितरण किया गया। बैठक में

जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर द्वारा निर्देश दिए गए कि रेडक्रास सोसायटी बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में मेडिकल कैंप लगाएं और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी इस्तेमाल में आने वाली मिनी किट वितरण करें ताकि संभावित बिमारियों से बचाव हो सके। बैठक में दिव्यांग जनों के सहायतार्थ वितरित की जाने वाली ट्राइसाइकिल हेतु रूपए दो लाख की धनराशि जिला दिव्यांग अधिकारी को उपलब्ध कराने, रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय कक्ष आवंटन व एक लेपटाप खरीदने की स्वीकृति जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा दी गई। जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा जनपद में चल रहे कालेज व महाविद्यालयों से भी रेडक्रास सोसायटी का अंशदान नियमित रूप से लिए जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश देने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह को निर्देश दिए।गंभीर रूप से विभिन्न बिमारियों से पीड़ित तीन रोगियों को भी आर्थिक सहायता देने का निर्णय बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में रेडक्रास सोसायटी बिजनौर के चेयरमैन ने सोसायटी के प्रादेशिक चुनाव के संबंध में जानकारी दी। आज की बैठक में श्रीमती रचना कपूर वाइस चेयरमैन डा राहुल कोषाध्यक्ष डा सुबोध चन्द्र शर्मा, रोबिन चौधरी, सुनील कुमार सभी डायरेक्टर रेडक्रास सोसायटी बिजनौर टीकम सिंह, डा नरेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, अंकित कुमार, नकुल कुमार आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राष्ट्रीय लोकदल किसी भी कीमत पर दोनों डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने देगा



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू अपने साथियों के साथ पहुंचे जिला अधिकारी को अवगत कराया मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कुछ अधिकारी नोडल अधिकारी डॉक्टर वरुण डॉक्टर देवेश चौधरी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं झूठी शिकायतें कर रहे हैं स्वास्थ विभाग का एक ड्राइवर जो पहले पैसे लेते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था वह ड्राइवर भी डॉक्टर वरुण डॉक्टर देवेश चौधरी के खिलाफ बोल रहा है लेकिन दोनों अधिकारी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं फर्जी अस्पताल पर रोक लगाई है झोलाछाप डॉक्टर भाग खड़े हुए हैं लेकिन उनके कार्य में कुछ स्वास्थ विभाग के अधिकारी बाधा डाल रहे हैं जो सरासर गलत है राष्ट्रीय लोकदल एनडीए गठबंधन किसी भी कीमत पर दोनों डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने देगा क्योंकि दोनों ही नोडल अधिकारी ईमानदार व्यक्ति हैं ज्ञापन देने वालों में मोहसिन खान अमन खान मोहम्मद तालिब मंजू खान महफूज खान मुनाजिर हुसैन फिरोज आलम शबाब खान नाजिया खान आदि लोग रहे।

# थाना सिविल लाइन:- दुष्कर्म के अभियोग का वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** थाना सिविल लाईन रामपुर पर वादिनी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त रिजवान अली पुत्र श्री नूर हसन निवासी ग्राम राय का इमरता थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा आवेदिका के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-292/25, धारा-64(1) बीएनएस बनाम रिजवान अली उपरोक्त पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में थाना सिविल लाईन, रामपुर पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में वाछित चल रहे अभियुक्त रिजवान अली पुत्र नूर हसन नि0 राय का इमरता थाना स्वार रामपुर को मालगोदाम तिराहा से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्वयाही की गयी।

# खोए हुए 251 मोबाइल फोन बरामद

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :**बिजनौर पुलिस ने रक्षाबंधन पर्व पर अनोखी सौगात दी है जनपद बिजनौर के प्रत्येक थाना क्षेत्र से गुम हुए या खोए हुए मोबाइलों को पुलिस ने बरामद कर बिजनौर पुलिस लाइन में मोबाइल स्वामियों को दिए करीब दो-तीन महीने से अलग-अलग थाना क्षेत्र में मोबाइल खोने की प्रार्थना पत्र दिए गए थे जिसमें आज सवेलेंस टीम के द्वारा 251 मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल फोन के मालिकों को पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेई ने आदर सहित किए। पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने बताया की इन मोबाइलों को प्रत्येक थाना टीम एवं सर्विलांस की टीम के द्वारा ढूंढा गया एक मोबाइल सबसे दूर आंध्र प्रदेश से मिला इन 251 मोबाइल की अनुमानित कीमत 50 लख रुपए बताई गई जनपद बिजनौर द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत रूप से सपोर्ट किए गए मोबाइल वापस पाने पर प्रत्येक नागरिकों के चेहरे पर प्रसन्नता और संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई थी इस अवसर पर उपस्थित कई महिलाओं एवं पुरुषों ने भावुक होकर कहा कि रक्षाबंधन के इस पर पर्व जनपद बिजनौर द्वारा उन्हें उनका खोया हुआ मोबाइल लौटाया जाना उनके लिए किसी रक्षाबंधन का उपहार जैसा है यह केवल एक मोबाइल नहीं बल्कि उससे जुड़ी यादो संपरको और भावनाओं की वापसी है।

# रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते को समर्पित

**वेलकम इंडिया**



**वरिष्ठ पत्रकार- सतवेन्दर सिंह गुजराल**

भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और प्रिय त्योहार रक्षाबंधन जिसे हम राखी के नाम से भी जानते है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते को समर्पित है और हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबी उम्र तथा सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इसके बदले में भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के बीच प्रेम, स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि परिवार के सदस्यों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाना कितना आवश्यक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के लिए विशेष पकवान बनाती हैं और भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उन्हें खुश करते हैं। रक्षाबंधन का इतिहास बहुत पुराना है। भारतीय पौराणिक कथाओं में कई उदाहरण मिलते हैं जहां इस पर्व का उल्लेख मिलता है। महाभारत में द्रौपदी ने भगवान कृष्ण को राखी बांधी थी, जब उन्होंने उसकी मदद की थी। इसके अलावा, रानी कर्णावती ने भी अपने भाई हुमायूं को राखी भेजकर मदद मांगी थी। ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि रक्षाबंधन का महत्व केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग का संदेश भी देती है। आज के समय में रक्षाबंधन का स्वरूप थोड़ा बदल गया है। पहले जहां यह केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित था, वहीं अब यह पर्व दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच भी मनाया जाता है। लोग एक-दूसरे को राखी बांधकर अपने प्यार और स्नेह को व्यक्त करते हैं। बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों की भरमार होती है, जो इस पर्व की खुशी को और बढ़ा देती है। रक्षाबंधन का पर्व हमें सामाजिक एकता का संदेश देता है। यह हमें सिखाता है कि हमें एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए और मिलकर रहना चाहिए। यह पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने का एक माध्यम है। इसमें हम अपने पूर्वजों की परंपराओं का पालन करते हुए अपने रिश्तों को मजबूत बनाते हैं।

## छात्राओं ने थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मियों की कलाई में बांधी राखी

**भवानीगंज/सिद्धार्थनगर।** बहन भाई का अटूट रिश्ता रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर स्थानीय श्रीराम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने थाना भवानीगंज पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। इस अवसर पर छात्राओं ने थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाह सहित पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को मिठाई भी खिलाई। भवानीगंज थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने इस अवसर पर छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं को आश्वासन दिया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी।इस पहल से पुलिस और आम नागरिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत होने की उम्मीद है। रक्षाबंधन का त्योहार भाई–बहन के प्रेम और रक्षा के प्रतिज्ञा का प्रतीक है। छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों को राखी बांधने से समाज में सुरक्षा और सद्भाव का संदेश भी प्रसारित हुआ।

# हिंदू मुस्लिम बहनें बड़ी संख्या में राखी बांधने हुए सीएमएस डॉक्टर डीके वर्मा से जीवन भर रक्षा करने का वचन लिया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिला अस्पताल रामपुर में बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं और बालिकाओं ने जिला अस्पताल रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार वर्मा जी के आफिस में पँहुच कर उनहें टीका लगाया और कलाई पर राखी बांघी।सब से पहले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की बड़ी संख्या में छात्राओं ने टीका लगा कर अपने भाई डॉ डी के वर्मा की कलाई पर राखी बांधते हूए उनके सुख शांति की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके जीवन भर रक्षा करने का वचन लिया बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ राखी का यह त्यौहार हिंदू मुस्लिम बहनों ने अपने भाई मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार वर्मा के साथ मनाया। सीएमएस डॉक्टर डी के वर्मा ने कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार जब देवासुर संग्राम में इंद्र असुरों से हार रहे थे, तब उनकी पत्नी इंद्राणी ने एक रक्षा सूत्र तैयार करके इंद्र की कलाई पर बांधा। जिससे इंद्र देव ने युद्ध में विजय प्राप्त की। कहा जाता है कि इस घटना के बाद से ही रक्षासूत्र बांधने की परंपरा की शुरूआत हुई थी। बाद में सीएमएस द्वारा सभी बहनों-दीदीयों को मिठाई खिलाकर उनहें गिफ़्ट से सम्मानित किया।

# गरीबों को मिलेगा बिना ब्याज ऋण और मकान निर्माण हेतु 2.40 लाख की सहायता

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** अन-फीडिंग वर्ल्ड बैंक योजना का हुआ भव्य शुभारंभ बिजनौर 08 अगस्त 2025:- जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपर निदेशक, अन फीडिंग वर्ल्ड बैंक श्री आर.एन. गर्ग द्वारा प्रेषित पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि अन फीडिंग वर्ल्ड बैंक की अभिनव योजना उत्तर प्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर आई है। अपर निदेशक श्री आर.एन. गर्ग ने जानकारी दी कि यह अंतर्राज्यीय बैंकिंग मॉडल, भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत, अपने जीरो डिपॉजिट आरडी अकाउंट के माध्यम से देशभर के लाभार्थियों की चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण सहित आवश्यक जरूरतों की पूर्ति के लिए बिना ब्याज के ऋण और नगद सहायता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की सबसे खास बात है कि छोटे घरों के निर्माण के लिए पात्र लाभार्थियों को 2.40 लाख की सहायता राशि दी जाएगी वो भी बिना किसी अग्रिम राशि, शुल्क या दस्तावेजी औपचारिकता के।इसे अब तक दुनिया में पहली बार 'बिल्कुल फ्री स्कीम' के तौर पर प्रस्तुत किया गया है।उन्होंने बताया कि यह योजना हाल ही में लखनऊ के विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री द्वारा शासन-प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर लांच की गई है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश के सभी विकासखंडों में आउटसोर्सिंग एजेंसियों को नियुक्ति की जा रही है। पहले चरण में हर ब्लॉक में 200 लोन ऑफिसर अनुबंध के आधार पर नियुक्त होंगे, जो 250 लाभार्थियों का चयन एवं उनके लिए लोन अकाउंट खोलने का कार्य करेंगे। इन लोन आफिसरों को 22,000 प्रतिमाह मानदेय, और प्रत्येक सफल लोन पर संबंधित एजेंसी को 2000 एवं यूनियन को 1000 का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट और आउटसोर्सिंग एजेंसी एसोसिएशन द्वारा अनुबंधित व्यवस्था के तहत की जाएगी। प्रचार-प्रसार एवं फॉल्ड मार्केटिंग की जिम्मेदारी बर्ड पार्टी को सौंपी गई है।

# तिरंगा यात्रा सकुशल संपन्न कराने हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं की योजना बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता एवं महामंत्री सचिन देशवाल के संचालन में संपन्न हुई बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री तरुण राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की योजना के अनुसार आगामी 10 अगस्त को भागूवाला मंडल के साहनपुर स्थित अमर शहीद स्वर्गीय अमित सिंह की समाधि से भव्य तिरंगा यात्रा साहनपुर में होते हुए भुईयार धर्मशाला पर संपन्न होगी इसके लिए सभी कार्यकताओं से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की गई तिरंगा यात्रा के संयोजक सचिन देशवाल, सह संयोजक डॉ मयंक चौहान तथा नवबहार सिंह की देखरेख में आयोजित की जाएगी इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि सब तिरंगा यात्रा में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में अपनी अपनी भूमिका में शीर्ष नेतृत्व के योजना अनुसार कार्य करें ताकि तिरंगा यात्रा व आगामी कार्यक्रम सब कुशल संपन्न हो सके चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, रोहिताश सिंह नरपाल सिंह, नवबहार सिंह, राजकुमार प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा,वरुण कौशिक, कपिल राजपूत, डॉ मयंक चौहान, नीरज कुमार, निखिल कुमार, संजीव राठी आदि उपस्थित रहे।

# युवक पर जानलेवा हमला तीन आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के मंडावर शुक्रवार को मंडावर थाने में झबरे पुत्र पतराम सिंह गांव वीरूवाला चाहडवाला निवासी ने तहरीर दी कि मंगलवार की शाम मेरा पुत्र सरजपाल मेरे लिए खाना लेकर घेर में आया था। तो पहले से ही रास्ते में मारने के लिए घात लगाए बैठे मेरे ही गांव वीरुवाला चाहडवाला निवासी शेर सिंह पुत्र बल्लू, अजय पुत्र शेर सिंह, व उसका रिश्तेदार जो पहले से ही घर पर बुला रखा था। तो तीनों मेरे घेर में धारदार हथियार लेकर आ गए, ओर मेरे पुत्र सरजपाल को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे जब मेरे पुत्र ने गाली देने को मना किया तो शेर सिंह ने अपने पुत्र अजय व अपने रिश्तेदार के साथ धारदार हथियार से मारपीट करनी शुरू कर दी।जिससे मेरे पुत्र के सिर में गंभीर चोटें आई ओर व गंभीर रूप से घायल हो गया,ओर खून से लथ पत हो गया। ओर बेहोश होकर जमीन पर गिर गया जब मैंने शोर मचाया तो गांव व पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए गांव वालों को आता देख तीनों मेरे पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मैंने अपने पुत्र को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जब इस संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार सरोज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिल गई है। जांच चल रही है जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।



# नारको समन्वय केंद्र की जिला स्तरीय समिति की जिलाधिकारी ने ली बैठक

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर ,गोविन्द** मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नारको समन्वय केंद्र की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके दुरुपयोग को रोकने हेतु समन्वित प्रयासों पर गहन चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए पुलिस के साथ अन्य संबंधित विभागों व सामाजिक संगठनों के लोगों को गंभीरता से कार्य करने के साथ साथ नशे के दंश में जा रहे लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से बाहर लाने में मदद करने की जरूरत है। विशेषकर युवाओं व उनके अभिभावकों के साथ बातचीत कर समाधान खोजा जाए। नशे से



होने वाले सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाय। स्कूलों के आस-पास तंबाकू इत्यादि किसी भी हालत में न बिके इसका विशेष ध्यान रखा जाए।स्वास्थ्य विभाग व ड्रग्स इंस्पेक्टर मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी की नियमिति मॉनिटरिंग करें और इसमें पुलिस का भी सहयोग लिया जाय। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे आपसी तालमेल से कार्य करें और नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएँ। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।उन्होंने वन विभाग को वन क्षेत्रों में तथा उपजिलाधिकारियों को वन पंचायत क्षेत्रों में भांग की खेती रोकने के लिए अभियान चलाने को कहा। इसके अलावा, सभी विभागों को सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने और नशा मुक्ति अभियान का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व एवं पुलिस विभाग को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोडके ने कहा कि अधिकारियों को नशा मुक्ति अभियान में व्यक्तिगत रूचि लेने की जरूरत है। अधिकारी अपने आसपास के क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रचलन को लेकर भी ठोस निगरानी रखे व टीम भावना से कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी ललित मोहन तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# 15 लाख अनुमानित कीमत के 60 खोए हुए मोबाइल लौटाकर लोगों को पुलिस ने दिया रक्षाबंधन का तोहफा बहनों ने भी जताई खुशी ,जताया आभार



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** बागेश्वर पुलिस ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कई भाई, बहनों के खोये हुए मोबाइल वापस लौटाए। 16 मोबाइल स्वामियों को पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने उनके महंगे मोबाइल फोन खोजकर वापस लौटाए।जिन्हें एसपी ने स्वयं अपने कार्यालय में वास्तविक स्वामी को वितरित किए।एसपी घोड़के ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों-सर्विलांस सैल को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। जनपद पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अब तक कुल 60 खोये मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख) खोजकर किये स्वामियों के सुपुर्द किए हैं। पुलिस ने 16 मोबाइल स्वामियों की पहचान कर उनकी पूर्व सूचना के आधार परउन्हें खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए। सायबर सेल,द्वारा अब तक खोए60 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये है।उन्हें खोजकर वास्तविक मालिको को फोन वापस लौटाए है। वही रक्षा बंधन से पूर्व खोए हुए मोबाइल वापस पाकर बहनों ने पुलिस का आभार जताया है।

# घोड़े ने किशोर को बीच रोड़ मे दौड़ते हुए घसीटा,घटना का वीडियो वायरल



असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बे में शुक्रवार को एक बेलगाम घोड़े की रस्सी में एक मासूम बच्चा फंस गया। घोड़ा बच्चे को लगभग 300 मीटर तक घसीटता हुआ बीच बाजार में दौड़ पड़ा। घायल बच्चा स्थानीय व्यापारी लक्ष्मीकांत कसौधन का बेटा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस क्षेत्र में इक्कावाले अपने घोड़ों को महीनों से आवारा छोड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत की थी। लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। स्थानीय जनता दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही है। उनका कहना है कि ऐसी कार्रवाई से भविष्य में इस तरह के हादसे दोबारा नहीं होंगे।

# खीरी कस्बे में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में लापरवाही को लेकर ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत बिछाई जा रही पानी की पाइप लाइन व ओवरहेड टैंक के निर्माण में बरती जा रही अनियमिताएं व लेट लतीफी के खिलाफ खीरी विकास समिति अध्यक्ष ने डीएम खीरी और अधिशासी अभियंता जलनिगम को ज्ञापन देकर भोले कार्य को तत्काल पूर्ण करने वाला परवाहों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। खीरी विकास समिति अध्यक्ष आमिर रजा ने ज्ञापन में शिकायत की है कि जल जीवन मिशन के तहत कस्बा खीरी में ३हर घर जल योजना३ के तहत कई माह पूर्व काम शुरू किया गया था, परंतु अधिकारियों की



लापरवाही के चलते कस्बा खीरी में इस योजना के तहत अभी तक 25% काम ही हुआ दिख रहा है और जो पाइप लाइन रास्ते में बिछाने के लिए खोदे गए थे, वह बुरी स्थित में है जो लोगों के आवागमन को प्रभावित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ही कस्बे की सड़कों की खुदाई की जा रही है जिसके चलते नगर पंचायत के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है और नगर पंचायत सड़को का निर्माण भी नहीं करा पा रही है।इस लापरवही के चलते लगभग 70 हजार की आबादी वाले कस्बे के अधिकांश गरीब लोग जहां स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे है, वहीं पूरे कस्बे में आवागमन प्रभावित हो रहा है उन्होंने कहा कि कस्बा खीरी में लगभग 30-35 वर्ष पूर्व में जो ओवरहेड टैंक बनाया गया था और जो वाटर पाइप लाइन बिछाई गई थी वह पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है, जगह-जगह पाइप टूटे होने के कारण नाली का गंदा पानी घरों में जा रहा है जिसे पीने के लिए लोग मजबूर है और उसे पीकर लोग बीमार हो रहे है। उन्होंने कहा कि इस कार्य तत्काल पूर्ण कराने का कष्ट करे ताकि लोगों को स्वच्छ जल मिल सके। इस मौके पर खेड़ी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रजा पम्मी के साथ साफी अहमद अंसारी, मो सईद, डॉ एहराज, मो अनस आदि लोग मौजूद रहे।

# मुंबई में प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे कैप्टन नरेंद्र कुमार (सेवानिवृत्त)

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ जनपद हापुड़ को भी अपनी सेवा देने वाले दीवान शुगर मिल अगवानपुर मुरादाबाद के मुख्य सुरक्षा अधिकारी रिटायर्ड कैप्टन नरेंद्र कुमार सन-2025 के भाग्यशाली व्यक्ति बन चुके हैं आपको बता दें कैप्टन नरेंद्र कुमार को तकरीबन 20 साल पहले कविताओं का शौक लगा था अब तक लगभग 20 हजार के आसपास कविताएं लिख चुके हैं कविताओं के माध्यम से अनेकों पुरुस्कार मिले हैं कैप्टन नरेंद्र साहब ने हर विषय पर काबिले तारीफ कविताएं लिखी है। इनकी कविताएं देश को बहुत पसंद आती हैं। कैप्टन नरेंद्र कुमार को 23 अगस्त को मुंबई में नेशनल अवार्ड से नवाजा जाएगा। कैप्टन नरेंद्र कुमार अपने समय में नेशनल एथलीट भी रह चुके हैं यह मुरादाबाद के लिए खुशी का पल है कैप्टन नरेंद्र कुमार का निवास गांव छबड़िया तहसील सरधना जिला मेरठ है। कैप्टन नरेंद्र 2007 से 2009 तक 38 यूङ्मपीङ्क एनसीसी बटालियन हापुड़ को भी अपनी सेवा दे चुके हैं जो कि उनके कार्य के दौरान तत्काल एसडीएम बच्चूसिंह के द्वारा भी सम्मानित किये जा चुके हैं।

# राहुल गांधी द्वारा दिए गए तथ्य पूर्ण रूप से निराधार हैं सीईओ उत्तर प्रदेश

वेलकम इंडिया

**हापुड़ जनपद हापुड़** / उत्तर प्रदेशः- राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष लोक सभा द्वारा 07 अगस्त, 2025 को विषयक एक प्रेस कांफ्रेंस की गयी। जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य का भी जिक किया गया जिसमें उनके द्वारा तथ्य रखा गया कि दो मतदाता जिनका नाम आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी० श्रीवास्तव (इपिक नं0 ऋढढ6437040) एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं0 कठइ2722288) हैं। इनका नाम उ०प्र० के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। राहुल गांधी द्वारा यह आंकड़े 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए गये हैं। आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 के क०सं० 877, बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 के क०सं० 1265, बूथ सं0 459 के क०सं० 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के क०सं० 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 के क०सं० 926 एवं बूथ सं० 321 के क०सं० 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं० 82 के क०सं० 516 पर अंकित दिखाया गया है। 07 अगस्त, 2025 को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी०श्रीवास्तव (इपिक नं० ऋढढ6437040) एव विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं० कठइ2722288) के नाम को ५ङ्गशी१२ॣ्रङ्ग५.ल्ल पर सर्च किया गया तो पाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी०श्रीवास्तव (इपिक नं0 ऋढढ6437040) का नाम बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क0सं0 1265 में एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं० कठइ2722288) का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं० 513 क्र0सं0 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है। इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश राहुल गांधी के तथ्यों का खंडन करता है!

# हर घर तिरंगा को लेकर बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शिकारपुर मंडल की हर घर तिरंगा अभियान कार्य योजना के अंतर्गत मंडल बैठक गोमती फार्म हाउस शिकारपुर पर आयोजित की गई ! कार्यक्रम का संचालन सतीश सैनी मंडल महामंत्री/ कार्यक्रम संयोजक ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि दीपक ऋषि (जिला उपाध्यक्ष), नगर पालिका चेयरपर्सन राजवाला सैनी मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग मंडल महामंत्री रंजीत सिंह सांसद प्रतिनिधि प्रभात शर्मा मंडल के पदाधिकारी मोर्चों के अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष, सभासद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर्व हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुकान से 8 नमूने भर भेजे लैब





वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ जनपद हापुड़ में शासन के आदेश एवं जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय के निदेर्शानुसार रक्षाबंधन के त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर नमूना लेते हुए कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग कर्मचारी अधिकारी द्वारा धोलाना बस स्टैंड से धीरज कन्फेक्शनरी केसे घेवर का नमूना, शिवम स्वीट के से बर्फी का नमूना एवं अजय स्वीटस के यहां से सफेद रसगुल्ला, कलुआ स्वीट से बालूशाही का नमूना, रिलायंस स्टोर दिल्ली रोड हापुड से बेसन लड्डू, रसगुल्ला, मैसूर पाक एवं शिवनगर से दूध का नमूना कुल आठ नमूने जांच को भेजे हैं रिपोर्ट आने पर कठोर कार्रवाई होगी। टीम में सुनील कुमार सहायक आयुक्त खाद्य ,पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियंक श्रीवास्तव , सोवेद्र सिंह , सहरिस सादात ,आरपी गुप्ता आरपी गंगवार शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कपकोट के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिले में हो रही भारी वर्षा के बीच, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पुनर्स्थापन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कपकोट क्षेत्र में पीएमजीएसवाई अंतर्गत चीराबगड़झपोथिंग सड़क तथा पीडब्ल्यूडी अंतर्गत हर्षिलाझसीमा मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यातायात शीघ्र बहाल हो, ताकि आमजनमानस को कठिनाइयों से राहत मिल सके।चीराबगड़झपोथिंग सड़क पर भारी भूस्खलन के कारण जमा मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी ने बताया



कि मशीनें सड़क के दूसरे छोर तक पहुँच चुकी हैं और कार्य में तेजी लाने के निर्देश पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को दिए गए हैं। साथ ही, सड़क के ऊपरी हिस्से में खड़े अस्थिर पेड़ों के खतरे को देखते हुए वन विभाग को नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने के आदेश दिए। ज्ञात हो कि यह सड़क 26 जुलाई को भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हो गई थी।इसके बाद जिलाधिकारी क्षतिग्रस्त हुए हर्षिलाझसीमा मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मार्ग को तेजी से सुचारू करने के निर्देश दिए, ताकि आपदा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क शीघ्र बहाल हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार बारिश से जिले की कई सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ है। सभी विभागों को बंद मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के आदेश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर पीआरडी और होमगाड्र्स की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, उपजिलाधिकारी अनिल रावत, आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चियों ने रक्षाबंधन के पर्व पर थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर प्राथमिक विद्यालय परसिया द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय असनहरा के बच्चियों ने थाना शिवनगर डिड़ई पहुंचकर पुलिसकर्मियो को राखी बाँधकर रक्षाबन्धन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर बच्चियों ने थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर त्योहार की खुशियां मनाई। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चियों ने पुलिसकर्मियों को मिठाई भी खिलाई।शिवनगर डिड़ई थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बच्चियों को उपहार स्वरूप चॉकलेट, कॉपी, ज्यामेट्री, पेन सहित अन्य सामान दिया गया बच्चे उपहार पाकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेन्द्र पाल, नोडल अधिकारी अंकितेश कुमार, सहायक अध्यापिका श्रीमती जूही सिंह, सहायक अध्यापिका श्रीमती गुन्जा सिंह, सहायक अध्यापिका विनीता चौधरी सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहें।



# विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर केएम अस्पताल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया




मथुरा। विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) के उपलक्ष्य में केएम अस्पताल में बाल/शिशु रोग विभाग, स्त्रीरोग विभाग एवं पीएसएम (प्रिवेंटिव एवं सोशल मेडिसिन) ने एक जागरूकता कार्यक्रम ह्यह्यस्वस्थ रहेगा जच्चा और बच्चा, जब मां का दूध पियेगा बच्चाह्लह्ल का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के महत्व, लाभ और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएम विवि के वाइसचांसलर डा. एनसी प्रजापति ,मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय शूद और बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार ने नवजात शिशु की मां को कपड़े अन्य सामिग्री वितरित करते हुए मां के दूध की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जूनियर डाक्टरों सहित नर्सिंग छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केएम विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति के कहा नवजात शिशु के पहले छह महीनों तक केवल मां का दूध ही सबसे उत्तम पोषण है। इससे न सिर्फ शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बल्कि मां के लिए भी यह कई स्वास्थ्य लाभ लेकर आता है, जैसे डिलीवरी के बाद जल्दी रिकवरी, हार्मोनल बैलेंस और स्तन कैंसर का खतरा कम होना। ऊपर से दूध पिलाने की सोच गलत है, स्तनपान गाय, बकरी हर जानवर करता है। चार पैरों पर जानवर चलते है लेकिन इंसान दो पैरों पर चलता इसलिए उसका दिमाग ऊपर चला गया है, सोच गलत होती जा रही है। वर्तमान समय में मां बच्चे के लिए स्तनपान बेहद आवश्यक है। मां के दूध में जो ताकत है वह ताकत कही नहीं होती है। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा सभी के लिए मां का दूध जरूरी है, इससे शरारिक, मानसिक और भावनात्मक वृद्धि होती है। मां के साथ बच्चे का भाव जिन्दगीभर साथ चलता है। एएमएस डा. आरपी गुप्ता ने कहा आज के आधुनिक दौर में स्तनपान को लेकर कई भ्रांतियां और झिझकें महिलाओं में पनप रही हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। पैदा होने के बाद से छह महीने जो बच्चा स्तनपान नहीं करता है वह बीमार रहता है, माताओं को सीखना है कि बच्चे के प्रति आपका संबंध जिंदगीभर साथ रहता है।इसी प्रकार से बालरोग विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार, डा. सौरभ ताल्यान, डा. रमनीश प्रजापति, डा. अखिलेश, डा. रीतिका राय (जूनियर डाक्टर्स), डा. प्रियंका सोनी (जूनियर डाक्टर्स), स्त्रीरोग विभाग के एचओडी डा. धन सिंह, जेआर डाक्टर जैनव अब्बास (जूनियर डाक्टर्स), डा. राजलक्ष्मी सिंह (जूनियर डाक्टर्स), पीएसएम डिपार्टमेंट एचओडी डा. विजय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विश्व स्तनपान सप्ताह हर वर्ष एक अगस्त से सात अगस्त तक मनाया जाता है। नर्सिंग छात्राएं हमारे जागरूकता कार्यक्रम का अहम हिस्सा है, ये नर्सिंग विभाग पेसेंट, जच्चा-बच्चा के करीब होता है, अगर हम सभी माताओं को स्तनपान का महत्व समझा सके तभी यह अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा जन्म के आधे घंटे के भीतर मां का पहला पीला गाढ़ा दूध जिसे कोलोस्ट्रम भी कहते हैं। स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है। नवजात शिशु को पहले छह महीनों तक केवल मां का ही दूध पर्याप्त होता है। उसको किसी भी प्रकार की कोई जन्म घुट्टी, हरड़, शहद आदि नहीं देना चाहिए। कार्यक्रम में पीडियाट्रिक्स के जूनियर डाक्टर्स डा. अक्षय पवार, डा. निहारिका, डा. आस्था, डा. अर्चिता जैन नर्सिंग विभाग की कृष्णा, स्माटी, रोशनी सहित नर्सिंग विभाग की दर्जनों छात्राएं अस्पताल स्टाप जच्चा-बच्चा मौजूद रहीं।

# छात्राओं ने थाना हापुड़ देहात प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को राखी बांध लिया सुरक्षा का वचन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के विकास ग्लोबल पब्लिक स्कूल की अनेकों छात्रा शुक्रवार को थाना हापुड़ देहात पहुंची और रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता सहित पुलिस टीम को उनकी कलाई पर राखी बांध उनकी दीघार्यु की कामनाएं की गई वहीं थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जनसुरक्षा में अपनी भूमिका को निभाने के साथ सुरक्षा का वचन दिया।

छात्राओं ने बताया कि जो पुलिसकर्मी रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं जा पाते ऐसे सभी पुलिसकर्मियों को लोगों की सुरक्षा हेतु त्योहार मनाने का मौका नहीं मिलता है। उनकी सुनी कलाई पर राखी बांधने आए हैं। ताकि उनकी कलाई सुनी ना रहे। इस दौरान दोनों थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ ने स्कूली बच्चियों को चॉकलेट, पेन, नोटबुक और टॉफियां भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# भाकियू चढूनी की महापंचायत 17 अगस्त को, तैयारियां शुरू



वेलकम इंडिया

मथुरा/बलदेव। भारतीय किसान यूनियन चढूनी की आगामी 17 अगस्त को होने वाली महापंचायत की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन निरीक्षण भवन में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने बताया कि 17 अगस्त को भाकियू चढूनी की एक विशाल महापंचायत बाबूजी कोल्ड अबेरनी चौराहा पर आयोजित की जाएगी जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी होंगे। महापंचायत में किसानों की विभिन्न मुद्दे एवं समस्याओं जैसे सभी फसलों के लिए उ2+50% पर एमएसपी, ग्रामीण टैरिफ पर बिजली, बिजली के निजीकरण एवं स्मार्ट मीटरों पर रोक, निजी नलकूपों को रात्रि बिजली, किसानों को 20 घंटे बिजली, खाद की उपलब्धता, कालाबजारी , कृषि यंत्र जीएसटी मुक्त , समग्र ऋण माफी, तहसीलों पर किसानों का उत्पीड़न शोषण, खसरा खतौनी में किसानों के नाम और हिस्से आदि तहसीलों के राजस्व रिकार्ड में गलत दर्ज होना, निराश्रित गौबंश और आवारा जंगली पशुओं की समस्या से मुक्ति, नहर बंबाओ की अक्टूबर से पहले सिल्ट सफाई आदि होंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किसानों को महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लि प्रेरित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया महापंचायत में आने वाले किसानों के लिए भोजन व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पाराशर, डा सतीश, बिल्ला सिंह, डा रमेश चंद्र सिकरवार, हरिओम परिहार, राधेश्याम सिकरवार, सोनवीर सिंह, रमेश चंद्र उपाध्याय, छत्रपाल, गंगा सिंह, भुल्ली सिंह, रवि मुहम्मद आदि मौजूद रहे।

# शिवा पाठशाला के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी व तिरंगा रैली, देशभक्ति के नारों से गूंज उठा विधालय

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के बेसिक के निर्देश पर नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में हर घर तिरंगा अभियान के चलते काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर प्रभात फेरी, तिरंगा रैली व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें बच्चों ने तिरंगा रैली निकालकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिससे प्रतिभाग करने वालें सभी बच्चों को गिफ्ट वितरित किए।नगर क्षेत्र के कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के चलते काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर आईआईए के चैप्टर अध्यक्ष पवन शर्मा व पूर्व अध्यक्ष शान्तुन सिंघल ने प्रभात फेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने क्षेत्र में तिरंगा हाथों में लेकर काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीदों के नारों द्वारा लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया।आईआईए के चैप्टर अध्यक्ष पवन शर्मा व पूर्व अध्यक्ष शान्तुन सिंघल ने बच्चों को काकोरी कांड के बारे में बताते हुए कहा कि देश को आजाद कराने के लिए वीर सपूतों न को न्यौछावर कर दिया था। स्कूलों में बच्चों ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर लघु नाटिका सामूहिक नृत्य, देश भक्ति गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए।प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल ने बताया कि इस ऐतिहासिक घटना को 9 अगस्त 1925 को लखनऊ काकोरी में क्रान्तिकारियों ने स्वतंत्रता आन्दोलन को धन की आवश्यकता के लिए ट्रेन पर हमला बोलकर अंग्रेजी हुकूमत के खजाने को लूट कर उस पर कब्जा कर लिया था।इस मौके पर बच्चों ने राखी बनाने , सैनिक और पुलिसकर्मियो को आभार पत्र लिखना ,चित्रकला, पोस्टर,स्वतंत्रता आन्दोलन व तिरंगा सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी का आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर आंचल सिंघल , शिक्षिका डॉ. हरजीत कौर, नीतू नारंग, सुमन, सोनिया , लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

# स्कूली छात्राओं ने बीएसएफ जवानों की कलाईयों पर बाँधी राखियाँ



वेलकम इंडिया

मथुरा। बाद गांव स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 167 वीं बटालियन मुख्यालय में रक्षाबंधन पर्व बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। फौजी भाइयों की कलाईयों पर राखी बाँधने के लिए स्कूली छात्राएं बीएसएफ कैंप पहुंची और जवानों की कलाईयों पर छात्राओं ने राखियाँ बाँधीं। स्कूली छात्राओं ने कहा कि हमारे फौजी भाई घर-परिवार से बाहर देश की रक्षा में समर्पित रहते हैं और त्योहारों पर घर नहीं पहुंच पाते हैं, देश के हर क्षेत्र में फौजी भाईयों के लिए उनकी बहनें राखियाँ बाँध रही हैं। बीएसएफ मुख्यालय बाद में जवानों की कलाईयों पर राखी बांधने वाली छात्राओं में प्राथमिक विद्यालय बाद एवं कान्हा माखन पब्लिक स्कूल की छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस मौके बिनोट सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, हिमान्शु गौरव डिप्टी कमाण्डेंट, चन्द्रपाल सिंह डिप्टी कमाण्डेंट, एस.के. शुक्ला डिप्टी कमाण्डेंट, अजय कुमार शर्मा डिप्टी कमाण्डेंट सहित अन्य बल सदस्य एवं प्राथमिक विद्यालय बाद की प्रधानाध्यापिका नीरज मथुरिया व दिनेश सिंह तरकर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अनियंत्रित रोडवेज ने बाइक सवारों को मारी टक्कर



वेलकम इंडिया

डिबाई। सड़क हादसे में एक महिला की मौत पति और बेटी गम्भीर रूप से घायल मामला है डिबाई क्षेत्र के गांव अफजलपुर के नजदीक का जहां मोटरसाइकिल सवारों को रोडवेज ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार बीच सड़क पर गिर पडे। जहां मोटरसाइकिल पर सवार महिला रोडवेज बस के नीचे आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई व पति और बेटी गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया घायलों की पहचान छतारी थाना क्षेत्र के गांव चौगानपुर के रामपाल (45), योगिता (15) के रूप में हुई है मृतक महिला की पहचान गुडिया देवी बताया जा रहा है जो गांव चौगानपुर से अपनी रिश्तेदारी सतोहा जा रहे थे जहां से रामपाल अपनी ससुराल घोसीपुरा जा रहे थे लेकिन नियति को कुछ और मंजूर था सतोहा पहुंचने से पहले ही डिबाई में ये सड़क दुर्घटना हो गई जहां महिला गुडिया देवी की मौत हो गई।

# जनपद के समस्त खंड विकास कार्यालयों एवं स्कूलों में निकाली गई विशाल तिरंगा रैली

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया




मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेर्शों के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान 2025 एवं काकोरी ट्रेन एक्शन के अवसर पर जनपद के समस्त खंड विकास कार्यालयों एवं स्कूलों में विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय नगला रामकिशन तथा प्राथमिक विद्यालय नगला हरजू से तिरंगा रैली निकाली गई। शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान 2025 एवं काकोरी ट्रेन एक्शन के अवसर पर बल्देव, गोवर्धन, छाता, राया, नौहझील आदि विकास खंड कार्यालयों से माननीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। राजकीय हाई स्कूल लोहवन मथुरा में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर प्रभात फेरी/ तिरंगा रैली छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षकों के साथ निकाली गई। बच्चों ने काकोरी एक्शन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। शिक्षाओं के द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी के विषय में जानकारी दी गई। नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज वृंदावन में तिरंगा से प्रेरित पेंटिंग प्रतियोगिता छात्राओं द्वारा कराई गई। सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहॉं मथुरा में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 मनाया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ रूमा कुमारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने भारत माता की जय घोष एवं नारे लगाते हुए बड़े उत्साह के साथ विद्यालय से लेकर चौमुहॉं बाजार होते हुए पुनः विद्यालय तक रैली निकाली गयी। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 मनाते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, पोस्टर, निबंध ,वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा आपस में राखी भी बांधी गयी।

# राजकीय महाविद्यालय में 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

गोवर्धन। राजकीय महाविद्यालय गोवर्धन में दिनांक 8/ 8/ 2025 को शासनादेश के क्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.)सविता गौतम की अध्यक्षता में महाविद्यालय की समारोहक श्रीमती रिंकी अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास विभाग) के द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन अवसर पर 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें एक डॉक्यूमेंट्री चलाकर काकोरी ट्रेन एक्शन से महाविद्यालय के छात्रों को अवगत कराया गया । साथ ही लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इस महोत्सव के तत्वावधान में 6 एवं 7 अगस्त, 2025 को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया और एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता दिवस-2025 के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत महाविद्यालय में तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो.( डॉ. )ललित कुमार सिंह, समाजशास्त्र विभाग, श्री नीरज कुमार ,गणित विभाग, श्री धर्मेंद्र सिंह चाहर, शारीरिक शिक्षा, डॉ. दीपक देव, राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं डॉ.देवेंद्र शर्मा, हिन्दी विभाग की उपस्थिति सराहनीय रही।

# टी बी मरीजों के देखभाल में संदेश का सहयोग सराहनीय डॉ0 साजिद खान

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद में प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा टीबी के मरीजों के चलाये जा रहे निक्षय पोषण योजना कार्यक्रम में सहयोग करते हुए स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा टीबी के मरीजों को निःशुल्क पोषण किट वितरित की गयी। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ साजिद खान ने बताया कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सपनावत पर निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टरों की टीम द्वारा टीबी मरीजों को जागरूक के उन्हें दवाइयां दी गयी तथा संदेश संस्था द्वारा 100 मरीजों को गोद लेकर उन्हें च्यवनप्राश, जूस व ग्लूकोज की पोषण पोटली निःशुल्क वितरित की गयी। संदेश द्वारा अब तक लगभग 250 टीबी मरीजों को गोद ले कर पोषण पोटली से माध्यम से उनके स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए कार्य कर रही हैं। इस कार्यक्रम में पीपीएम कोर्डिनेटर सुशील चौधरी का सहयोग रहा। संदेश के परियोजना समन्वयक सुमित कुमार ने बताया कि संदेश संस्था जनपद हापुड़ में सबसे अधिक टीबी मरीजों को गोद लेने का रिकॉर्ड बनाया है। जिसमे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ साथ चिकित्सा अधीक्षकों का बहुत सहयोग रहता हैं। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन भारत भूषण शिशोदिया, फार्मेसिस्ट अनीलपाल, एसटीएस संगीता आहूजा, संदेश के परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज व भारी संख्या में टीबी मरीज उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी निराला तिवारी की टीम ने चोरी की साइकिल के साथ शातिर अपराधी दबोचा



वेलकम इंडिया

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने एक शातिर अपराधी को चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार किया।अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी की पहचान इन्द्रपाल पुत्र बिहारी पासी निवासी ग्राम भदेवा, थाना हरगांव, जिला सीतापुर के रूप में हुई।पुलिस के मुताबिक आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम, चोरी और अबकारी अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं। हाल ही में थाना खीरी में धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत भी मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारत गोल्डलाइन ब्रांड की एक चोरी की साइकिल बरामद की। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास की जड़ हो रही मजबूत: चिराग पासवान

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी समीक्षा बैठक भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास चिराग पासवान की अध्यक्षता में कॉन्स्टीट्यूशन हॉल नई दिल्ली में आयोजित की।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा एवं प्रधान महा सचिव राजीव गोयल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को प्रदेश पदाधिकारी एवं जनपदों के जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रगति रिपोर्ट सौंपी। जिसकी समीक्षा खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लोक जन शक्ति पार्टी गरीब, शोषित वर्ग, दलित, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों की हितैषी पार्टी है। यह जाति वाद और धर्मवाद की राजनीति नहीं करती बल्कि विकासवाद, रोजगार, शिक्षा के लिए काम करने वाली पार्टी है। लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों के आधा पर चुनाव लड़ेगी इस पार्टी में वरिष्ठ जन, महिलाओं और युवाओं को राजनीति में आकर देश सेवा का अवसर समानता रूप से दिया जा रहा है।पार्टी के सभी पदाधिकारियों को लोक जन शक्ति पार्टी की विचार धारा और उपलब्धियों जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देश दिए और कहा कि जिस प्रकार जोश के साथ युवा और महिलाएं पार्टी में शामिल हो रहे हैं आगामी उत्तर प्रदेश के विधानसभा 2027 के चुनावों में चौंकाने वाले परिणाम सामने आएंगे और बड़ी जीत के साथ पार्टी बिहार, नागालैण्ड, झारखंड के बाद उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में विजई सीटों के साथ अपना खाता खोलेगी। उत्तर प्रदेश के प्रभारी की जिम्मेदारी पार्टी के सांसद अरुण भारती को सौंपी। इस दौरान सांसद राजेश वर्मा, सांसद सांभवी चौधरी, सांसद वीणा देवी, सांसद अरुण भारती राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा प्रधान महा महासचिव राजीव मोहन गोयल, प्रदेश सचिव जय भगवान, प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल कुमार, मथुरा के जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल सहित प्रदेश एवं जनपदों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सड़कों पर अब पुलिस का सायरन ही नहीं, वीरांगनाओं की धमक भी दिखाई देगी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बरेली की बेटियां अब खाकी में नजर आएंगी, वो भी नंचकु और लाठी के साथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली में महिला सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए 'वीरांगना यूनिट' का शुभारंभ किया था। ये खास यूनिट बरेली पुलिस की महिला एसओजी कमांडो टीम है, जो अब सीधे सड़कों पर उतरेगी। इस टीम को लेकर एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया है कि शुक्रवार से वीरांगना यूनिट को मैदान में उतार दिया गया है। इस यूनिट में शामिल 8 महिला कांस्टेबल्स मार्शल आर्ट की कई तकनीकों में ट्रेंड हैं। नंचकु, लाठी-कॉम्बैट, पंचिंग, किकिंग, हथियार चलाना और आत्मरक्षा की ट्रेनिंग ले चुकी ये महिला कमांडो अब शहर की सुरक्षा के साथ-साथ महिला अपराधों के खिलाफ भी मोर्चा लेंगी। एसपी साउथ अंशिका वर्मा के नेतृत्व में बनी इस यूनिट का मकसद सिर्फ अपराधियों की नकेल कसना ही नहीं है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें यह भरोसा देना भी है कि वो अब अकेली नहीं हैं। 'वीरांगना यूनिट' संवेदनशील इलाकों में गश्त करेगी, खास अभियानों में शामिल होगी और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही एक्शन भी लेगी। बरेली पुलिस की यह पहल महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रही है। सीएम योगी ने इस यूनिट को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह सिर्फ एक टीम नहीं, बल्कि नारी शक्ति का प्रतीक है। बरेली की ये वीरांगनाएं अब ये साबित करेंगी कि अगर उन्हें मौका मिले, तो वो किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटतीं।

# सिवाल खास में तीन मासूमों की दर्दनाक मौत के मामले में बिल्डर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** सिवाल खास कस्बे में छह दिन पूर्व हुई दर्दनाक घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बिल्डर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना अमन गार्डन कॉलोनी फेस-3 की है, जहां एक खाली प्लॉट में बारिश का पानी भरने से गहरे गड्ढे में तीन मासूम बच्चे डूब गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर एक बच्चा थोड़ी देर सांसे भी चल रही थी, लेकिन बाद में उसकी भी मृत्यु हो गई। इस हादसे के बाद इलाके में भारी रोष फैल गया था। ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा किया, जिस पर पुलिस व प्रशासन के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि जिस गड्ढे में बच्चे डूबे, वह कॉलोनी काट रहे बिल्डर द्वारा खुदवाया गया था और उसे खुला छोड़ दिया गया था। बिल्डर की लापरवाही उजागर होने के बाद पुलिस ने आरोपी हाजी असलम निवासी मुरादनगर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच में तेजी लाते हुए जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह ने बिल्डर हाजी असलम को देर रात गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया।जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में धूमधाम से संपन्न हुआ श्रीपाद रूप गोस्वामी का तिरोभाव महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में श्रावण मास के अवसर पर चल रहे झूलन महोत्सव के अंतर्गत गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य विभूति रूप गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।सर्वप्रथम श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए चतुःसम्प्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय के संवर्धक व उन्नायक थे।उन्होंने ब्रजभूमि में साधना रत रहकर 17 ग्रंथों की रचना की।जिनमें उज्ज्वल नीलमणि, भक्ति रसामृत सिंधु, विदग्ध माधव नाटक, ललित माधव नाटक, हंसदूत व उद्धव संदेश आदि प्रमुख हैं। श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर के सेवायत भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय के षट गोस्वामियों में सर्वप्रमुख थे।कलयुग पावनावतार चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित होकर उन्होंने अपना मंत्री पद का त्याग कर अपना समूचा जीवन ब्रज में रह कर श्रीकृष्ण भक्ति में समर्पित कर दिया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी ने असंख्य व्यक्तियों का कल्याण कर उन्हें ब्रज की विशुद्ध प्रेमा भक्ति व रागानुगा भक्ति की ओर प्रेरित कर सन्मार्ग पर चलना सिखाया। भक्ति वेदांत दामोदर महाराज व भक्ति वेदांत गोपानंद वन महाराज ने कहा कि श्रील रूप गोस्वामी महाराज ने श्रीधाम वृन्दावन के भक्तिमय स्वरूप को उजागर किया।साथ ही भक्तों के कल्याणार्थ ठा. श्रीगोविन्द देव भगवान का दिव्य विग्रह प्रगट किया।जिसके लिए समस्त सनातन धर्मावलंबी उनके सदैव आभारी रहेंगे। तिरोभाव महोत्सव में भक्ति वेदांत साधु महाराज, ध्रुव कुमार गोस्वामी, सन्त रामदास महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वर चंद्र रावत, प्रेम प्रदीप दास, राधा नाथ दास, भोलेश्वर उपमन्यु आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन व धन्यवाद ज्ञापन भक्ति वेदांत मधुसूदन महाराज ने किया।इससे पूर्व संगीताचार्य दामोदर महाराज ने झूलन के पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया।

# आम के बाग में रखवाली कर रही महिला से दुष्कर्म

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** आम के बाग में रखवाली कर रही एक महिला से दुष्कर्म के 11 साल पुराने मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) अशोक कुमार यादव की अदालत ने आरोपी शंकरलाल मौर्य को दोषी करार देते हुए सात साल की कठोर कैद और 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना अदा न करने पर दोषी को दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। आपको बता दें कि ये मामला क्योलड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 15 जून 2013 को महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून की रात वह अपने दामाद के साथ गांव के पास आम के बाग में रखवाली कर रही थी। उसी दौरान रात करीब 12 बजे शंकरलाल मौर्य अपने तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा। उनके पास कोई असलहा नहीं था। आरोप है कि शंकरलाल ने अपने साथियों की मदद से महिला के दामाद को पेड़ से बांध दिया और फिर महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने घटना की जांच के बाद दिसंबर 2013 में आरोप पत्र (चार्जशीट) न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह और सात साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी शंकरलाल मौर्य को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि ऐसे अपराधों पर सख्त सजा जरूरी है, ताकि समाज में भय बना रहे और पीड़ितों को न्याय मिल सके।

# एस.आर. ग्लोबल स्कूल की अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने रचा इतिहास जीती सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर चैंपियनशिप 2025

समर्थ कुमार सक्सेना




**लखनऊ।** एस.आर. ग्लोबल स्कूल की अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई ईस्ट जोन बास्केटबॉल क्लस्टर 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप खिताब अपने नाम कर लिया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 5 से 7 अगस्त 2025 तक अजमानी इंटरनेशनल स्कूल, लखीमपुर-खीरी में आयोजित हुई, जिसमें ईस्ट जोन की 95 नामचीन स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला एस.आर. ग्लोबल स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल, कानपुर के बीच खेला गया, जिसमें एस.आर. ग्लोबल की टीम ने 28-23 अंकों से शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान टीम ने उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन, आक्रामक खेल और मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का परिचय दिया। टीम की प्रमुख खिलाड़ी झ्र अनुष्का चौहान, शिवांगी सिंह, रश्मीत कौर, आकांक्षा सिंह, अंशिका सिंह, साक्षी सिंह, दिव्या सिंह एवं दर्शिका तिवारीझ्रने पूरे टूनार्मेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। एमएलसी एवं स्कूल प्रबंधन, पवन सिंह चौहान ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, यह जीत न केवल एस.आर. ग्लोबल स्कूल के लिए बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। हमारी बेटियों ने समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध किया है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। हमें उन पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है, बल्कि क्षेत्र की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा देने का कार्य किया है। टीम को इस उपलब्धि के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

# पुलिस कर्मियों ने दिया रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को रक्षा का वचन




उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** जॉइंट्स वेलफेयर ग्रुप की शाखा फोक्सड फेयरी की महिला सदस्यों ने रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व थाना परतापुर में पहुंच कर सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और सभी पुलिस कर्मियों का मुंह मीठा कराया साथ ही यह सभी महिला सदस्य सभी पुलिसकर्मी भाइयों के लिए आकर्षक उपहार भी लेकर गई थी इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष आरती मित्तल उपाध्यक्ष सीमा शर्मा कामिनी शर्मा राशि मुस्कान ने थाना इंचार्ज व इंस्पेक्टर क्राइम सहित पूरे थाने के पुलिसकर्मी भाइयों को राखी बांधी सभी पुलिसकर्मी भाइयों ने भी भेट स्वरूप सभी बहनों को रक्षा के वचन के साथ आकर्षक उपहार भेंट दिए।

# गोताखोरों को किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/**रामघाट गंगा घाट पर श्रावण मास कावड़ मेले में गंगा घाट पर उपस्थित रहे गोताखोरों को रामघाट थाना प्रभारी द्वारा सम्मानित किया गया श्रावण मास कावड़ मेले में रामघाट गंगा घाट पर मौजूद गोताखोरों द्वारा कावड़ियों को गहरे जल में रोकने तथा गोताखोर चंद्रपाल द्वारा अलीगढ़ के दो युवकों को डूबने से बचाने कावड़ मेले के कुशल संपन्न होने पर रामघाट थाना प्रभारी भुवनेश कुमार ने 11 गोताखोरों को गिफ्ट देकर महामंडलेश्वर सुरेंद्र नंद गिरी द्वारा नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर सुरेंद्रनंद गिरि ने गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण विनोद कुमार शर्मा शर्मा मोनू तिवारी हिमांशु शर्मा मुन्नालाल चंद्रपाल सिंह शीशपाल आदि उपस्थित रहे।

# जानकी वल्लभ मंदिर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ बैकुंठवासी स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज का 26 वां त्रिदिवसीय त्रिपाद्विभूति प्राप्ति महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** केशीघाट स्थित ठा. श्रीजानकी वल्लभ मंदिर में श्रीमद् वेदान्त देशिक आश्रम ट्रस्ट के द्वारा चल रहे बैकुंठवासी श्रीवेदान्तदेशिक पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य परमहंस स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज के 26वें त्रिदिवसीय त्रिपाद्विभूति प्राप्ति महोत्सव के अंतर्गत संतों व विद्वानों की सन्निधि में स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज का पावन स्मरण किया गया।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनकी प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए सुग्रीव किला अयोध्या/वृंदावन पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपनाचार्य महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरी महाराज ने कहा कि बैकुंठवासी स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज बहुत ही दयालु एवं सात्विक प्रवृत्ति के संत थे।उनके द्वारा निरंतर समाज के हित में कई कार्य किए गए।वे श्रीधाम वृंदावन की दिव्य विभूति थे।

# वृक्षाबंधन सिर्फ एक प्रतीकात्मक रस्म नहीं, बल्कि यह पौधों और पेड़ों के प्रति गहरा भावनात्मक जुड़ाव है :रेनू गंगवार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



बरेली।बरेली। क्यारा विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनूठी पहल कर पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने का संकल्प लिया। स्कूली बच्चों ने सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, रमेश सागर, दीपा गुप्ता, गीता यादव, रेनू गंगवार, मीनू रस्तोगी के दिशानिर्देशन में सुंदर सुंदर राखियाँ बनाई और फिर रक्षाबंधन की तर्ज पर विद्यालय में लगे वृक्षों की टहनियों पर बांध कर वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर किया। इस वृक्षाबंधन कार्यक्रम की तैयारी और राखियों के उत्कृष्ट संयोजन के लिए विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों का सहयोग किया। इस बीच कक्षा 4 से 8 की छात्राओं के बीच राखी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, इस प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर राखी बनाकर अपनी कला का कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। विद्यालय में आयोजित इस वृक्षाबंधन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पूर्व के पेड़ों और नवीन पौधों को राखी बांध कर उनकी रक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका दीपा गुप्ता ने बताया कि ये पेड़ ही हैं, जो हमसे बिना कुछ लिए हमें ऑक्सीजन, छाया और फल-फूल देते हैं। क्योंकि जो पेड़ लगाता है, वह अपनों के अलावा दूसरों के प्रति भी प्रेम की भावना रखता है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लेने के साथ ही उनकी देखभाल पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर रेनू गंगवार ने कहा कि वृक्षाबंधन कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतीकात्मक रस्म भर नहीं है, बल्कि यह पौधों और पेड़ों को लेकर एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव भी है, जिसमें छात्राएं पेड़ों को भाई की तरह मानती हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेती हैं। इस दौरान शिक्षिका गीता यादव ने कहा कि पेड़ हमारी जीवन शैली का केन्द्र होते है, जो जीवन में शांति, पवित्रता, दिव्यता भरने व वातावरण को स्वस्थ रखने व नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दर्जनों पेड़ों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीलम सक्सेना, मोहन सिंह, कृष्णा स्वाति, सुधांशु कुमार, गौरव गंगवार, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह, बेबी तबस्सुम के साथ पंडित अनिल कुमार शर्मा ने भी विद्यालय के पेड़ों और नवीन पौधौं की टहनियों पर रक्षासूत्र बांध कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

# दयावती मोदी पब्लिक में 'यंग अचीवर्स अवार्ड' का आयोजन किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दयावती मोदी पब्लिक के सभागार में 'यंग अचीवर्स अवार्ड' का आयोजन किया गया। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। इस समारोह का आरंभ प्रधानाचार्य वी० के० राणा तथा उपप्रधानाचार्या डॉ० गुरमीत गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया। सबसे पहले, ईशिता अरोड़ा ने एक सुन्दर कविता का गायन किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा एक प्रेरणादायक गीत गाया गया। इसके बाद कक्षा चार तथा पाँचवी कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को प्रभारी प्राइमरी विंग रिया बधवार तथा प्रभारी जूनियर विंग डॉ० रश्मि तेवतिया द्वारा शील्ड और सर्टिफिकेट दिए गए। उसके पश्चात छात्राओं द्वारा देशभक्ति नृत्य का भव्य प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात कक्षा छह और सात के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी छात्र और छात्राओं को प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्या द्वारा शील्ड और सर्टिफिकेट दिये गये। इस कार्यक्रम का संचालन मुस्कान भाटिया, सिमरन धीर, मनित कुमार कौशल और रिशित अरोड़ा ने किया। समारोह का समापन प्रधानाचार्य श्रीमान वी०के राणा ने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं को बधाई तथा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अन्त में डॉ० रश्मि तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्या डॉ० गुरमीत गुप्ता, प्रभारी जूनियर विंग डॉ० रश्मि तेवतिया, प्रभारी प्राइमरी विंग रिया बधवार, अभिभावक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सुरेविन स्कूल के छात्रों ने वृक्षों को राखी बांधकर दिया प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व इस बार बड़े ही अनोखे और भावनात्मक अंदाज में मनाया गया। छात्रों ने इको-फ्रेंडली राखियां बनाकर और बांधकर न केवल त्यौहार की खुशियां साझा कीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति एक सुंदर व प्रेरणादायक संदेश भी दिया। कार्यक्रम की पहली कड़ी में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विद्यालय के नॉन-टीचिंग स्टाफ- बस ड्राइवर, बस अटेंडेंट और सहायिकाओं-को राखी बांधकर उनका सम्मान किया। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्टाफ की भावुक आंखों ने इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया।

दूसरी कड़ी में बच्चों ने प्रकृति संवर्धन अभियान के तहत विद्यालय परिसर के पेड़ों को पानी दिया, पौधों की देखभाल की और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही, एक अनूठी पहल के रूप में बच्चों ने वृक्षों को भी राखी बांधी, मानो उन्हें अपना सखा मानते हुए प्रकृति की रक्षा का प्रण लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि ऐसे अवसर न केवल उत्सव का आनंद बढ़ाते हैं बल्कि बच्चों में आभार, करुणा और पर्यावरण प्रेम की गहरी भावना भी जागते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता व डॉ. शिखा दरबारी ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस पहल की सराहना की।

# स्कूल छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे के सेंट द्रौण पब्लिक स्कूल की छात्रों ने रक्षाबंधन का पर्व थाने पर तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधकर मनाया इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। शुक्रवार को छात्राओं ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पुलिस अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इस दौरान बच्चों और पुलिस कर्मियों के चेहरे पर भावनाओं की गहराई झलकती रही। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि पुलिस का कार्य सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना भी है। बच्चों द्वारा मनाया गया यह रक्षाबंधन निश्चित रूप से एक मिसाल है कि किस तरह से हमारे भविष्य के नागरिक सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और विश्वास का भाव रखते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद द्वारा अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत एक रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ सारथी क्लब, टी. आर.एम.पी.बी.ए. एस. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा पुनः चक्रण सामग्री का उपयोग कर तिरंगा थीम पर आधारित राखियाँ तैयार की गईं एवं इसी के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह पहल छात्राओं में स्वच्छता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित की गई। इसी कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा बनाई गई राखियां पुलिसकर्मियों को बांधकर रक्षा का वचन लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप नगर पालिका परिषद मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली, विद्यालय प्रबंध समिति के गौरव माहेश्वरी मोदीनगर थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेश कुमार, सभासद ललित त्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता शर्मा एवं सहायक अध्यापिका, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार, नगर पालिका मोदीनगर की एस. बी. एम. टीम से शिवानी कुंडू, आशीष वत्स, दीपांशु सैनी आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथिगण द्वारा बच्चों की इस अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा प्रदर्शन कर की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी दर्जनों लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निस्तारण नहीं होने पर हंगामा प्रदर्शन किया एवं निस्तारण होने पर बिजली घर की तालाबंदी कर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी अंकित पवार ने बताया कि उनके मोहल्ले में काफी दिनों से विद्युत विभाग के द्वारा खींची गई एलटी लाइन जर्जर हालत में है। गुरुवार को अचानक से जर्जर लाइन में आग लग जाने के कारण टूटकर गिर गई जिससे कई लोग बाल बाल बच गए और मौहल्ले में अफरातफरी मच गई। शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समय से नहीं पहुंचे मोहल्ले के लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। आरोप है कि लगभग डेढ़ महा पूर्व दर्जनों लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को शिकायत कर तार बदलवाने की मांग की थी मगर कोई भी निस्तारण नहीं हो रहा।

# आदर्श जनता इंटर कॉलेज कॉलेज में क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर में विद्यालय स्तरीय क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर, कुश्ती गुरु वीरेंद्र सिंह त्यागी, क्षेत्रीय प्रतियोगिता संयोजक बाबूराम सिंह, रेफरी अभिषेक चौधरी, दीपक कुमार एवं विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक प्राइमरी जूनियर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक बालिका वर्गों के विजेता खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों द्वारा अपने पूरे दमखम का परिचय दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रेम चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कराई लाखों की शराब नष्ट



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विभिन्न मामलों में पकड़ी गई लाखों रुपए की शराब को जेसीबी से गड्ढा खोदकर नष्ट किया। पुलिस ने वर्ष 2023 से लेकर 2025 तक तस्करों सहित लाखों रुपए की शराब पकडकर जप्त कर रखी थी। थाना पुलिस ने शराब के नस्टीकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित एसपी व न्यायलय को भेजी थी। शुक्रवार को ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 1500 लीटर पकड़ी गई अवैध शराब जिसकी कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपए बताई गई को थाना प्रांगण में जेसीबी से गड्ढा खोदकर नष्ट किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि लगभग दो वर्षों से लाखों रुपए की शराब को तस्करों सहित पकड़ा गया था न्यायालय के आदेश पर शराब को गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी अपना भविष्य एवं स्वस्थ का ख्याल रखें शराब जैसी लत से दूर रहे युवा देश के भविष्य होते हैं।

# भाजपा ने चलाया हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर में भाजपा कार्यकताओं ने हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया और सभी को 15 अगस्त के दिन अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में भाजपा के दर्जनों कार्यकताओं ने नगर में जागरूकता अभियान चलाते हुए नगर के लोगों को बताया कि भाजपा के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जो 5 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक चलाया जाएगा सभी लोग 15 अगस्त के दिन अपने घरों पर तिरंगा फहराए और देशभक्ति की मिसाल कायम करें। दूसरी और पालिका लिपिक अशोक कुमार ने बताया कि पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के आदेश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर के सभी लोग 15 अगस्त को अपने आसपास साफ सफाई का विषय सिद्धांत रखें और अपने घरों पर तिरंगा फहराए इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, राजीव शर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# ड्रोन और चोरों के शोर में पुलिस की ग्रामीणों के साथ बैठक

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** ड्रोन आया, ड्रोन आया! इन दिनों गांव देहात में यह अफवाह फैल रही है। क्षेत्र के कई गांव में तो लोगों में इतनी दहशत है कि रात में ड्रोन के डर से ग्रामीण पहरा देने के साथ अंजान युवकों को देखकर उनके साथ मारपीट की घटनाएं तक घटित होने लगी है। इसके विपरीत अब पुलिस गांव-गांव में चैपाल लगाकर लोगों को समझा रही है कि यह अफवाह हैं। ड्रोन जैसी कोई भी चीज आसमान में नहीं उड़ रही है और ना ही इस तरह से कोई निगरानी या रेकी की जा रही है।

शुक्रवार को पुलिस की एक टीम ने थाना क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक की और समझाया कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। यह भी समझाया कि ड्रोन से कोई रेकी नहीं कर रहा है और ना ही यह चोरों का कोई गैंग है। गांव वालों का कहना है कि इन दिनों ड्रोन गैंग घूम रहा है। रात के अंधेरे में छतों पर ड्रोन उड़ाए जाते हैं और फिर रेकी की जाती है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि कहीं भी कोई ड्रोन नहीं उड़ रहा है लेकिन इन दिनों गांव देहात में अफवाह फैल रही है कि रात में गांवों के ऊपर से ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अफवाहों से दूर रहें। चेताया कि अगर कोई भी व्यक्ति ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की अफवाह फैलाता है या कोई ऐसी कोई भी घटना किसी को पता चलती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। ऐसा करके भी अफवाहों पर विराम लगाया जा सकता है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचेगी और बताएगी कि कहीं भी कोई ड्रोन नहीं है। इस दौरान मौके पर सैकडों ग्रामीणों के साथ गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीमा पर तैनात रक्षकों के लिए राखी का उपहार जवानों के नाम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर तिरंगा राखी मेकिंग प्रतियोगिता के साथ -साथ तिरंगा रंगोली, निबंध ,कविताएं, क्विज का आयोजन भी किया गया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और कला-कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंग-बिरंगी, आकर्षक एवं विविध प्रकार की राखियाँ तैयार कीं, जिनमें उनकी सृजनशीलता झलक रही थी। देश की सीमाओं की रक्षा में तत्पर वीर जवानों को भेजी गईं। इन राखियों के साथ तिरंगे के प्रति सम्मान और मातृभूमि की सुरक्षा का संदेश भी प्रेषित किया गया। विनोद कुमार माहेश्वरी, गौरव माहेश्वरी, श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों की मानसिक, भौतिक एवं चिंतन शक्ति के विकास में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राखी, जिसे रक्षाबंधन के नाम से भी जाना जाता है, भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक है, जो उनके बंधन को और मजबूत बनाती है।

# नगर आयुक्त को बांधी होममेड राखी, छात्राओं को भी नगर आयुक्त ने बांधी राखी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर शुक्रवार को एक अनूठा और प्रेरणादायक आयोजन हुआ, जिसमें राखी सिर्फ भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं रही, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी बन गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और सफाई मित्र बहनों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को घरेलू वेस्ट से तैयार की गई खूबसूरत होममेड राखियां बांधीं। यह पहल 'वेस्ट टू आर्टज और ट्रिपल आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल) अभियान को बढ़ावा देने के लिए की गई। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, और प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज भी मौजूद रहे। इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर की नन्ही छात्राओं ने भी नगर आयुक्त को राखी बांधकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। नगर आयुक्त ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें पेड़ लगाओ, प्लास्टिक हटाओ के संकल्प के साथ शहर की स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राखी बंधवाने के बाद नगर आयुक्त ने भी छात्राओं को राखी बांधी और कहा कि पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश बच्चों के माध्यम से ही घर-घर तक पहुंचेगा। उन्होंने घर के वेस्ट सामान से राखी बनाने वाली महिलाओं और छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि स्वच्छ शहर के लक्ष्य को भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम में नगर निगम अधिकारियों द्वारा छात्राओं, महिलाओं और सफाई मित्र बहनों को मिठाई और उपहार भेंट किए गए। नगर आयुक्त ने अपील की कि अधिक से अधिक लोग घर में वेस्ट से राखियां बनाएं, जिससे ट्रिपल आर मुहिम को गति मिले और शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान हो।

# एनडीआरएफ बटालियन में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** आठवीं बटालियन एनडीआरएफ, गोविन्दपुरम में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जवानों को राखी बाँधकर उनके प्रति सम्मान व स्नेह व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, जूनियर दिल्ली स्कूल, किड्स बैली पब्लिक स्कूल, स्पर्श स्पेशल स्कूल, डीपीएस गाजियाबाद, योग वेदांत सेवा समिति, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, लायंस क्लब गाजियाबाद, इनर व्हील क्लब गाजियाबाद गोल्फ लिंक, कर्मशाला एनजीओ ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने भी जवानों को रक्षासूत्र बांधा तथा अध्यात्म के महत्व को समझाया इसके अलावा राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-1, फरीदाबाद की छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई गई राखियाँ जवानों को भेंट की। बच्चियों ने भावुक होकर कहा कि उन्हें देश के बहादुर सैनिकों को राखी बांधने का अवसर मिला, यह उनके लिए गौरव की बात है। जवानों ने भी उन्हें देश और उनकी रक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को बटालियन परिसर का भ्रमण कराया गया, साथ ही उन्हें जिप लाइन, स्काई स्केटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी मिला, जिससे बच्चों में उत्साह और उमंग देखने को मिली। बटालियन के कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी ने बताया कि एनडीआरएफ में देश के विभिन्न राज्यों से आए जवान तैनात हैं, जो अपने परिवारों से दूर रहकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहते हैं। ऐसे में हर त्योहार को बटालियन में परिवार जैसा माहौल बनाकर इस तरह मनाया जाता है कि जवानों को घर से दूर होने का एहसास न हो। उन्होंने सभी स्कूलों, बच्चियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं।

# पुलिस की जनचौपाल में हर रोज खुलते हैं शिकायतों के दरवाजे

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दरवाजा सबके लिए खुला है, यह महज एक कहावत नहीं, बल्कि गाजियाबाद पुलिस का जमीनी हकीकत में बदला हुआ नया रूप है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल की कार्यशैली को देखा जाए तो उन्होंने अपने कार्यालय को एक 'जनचौपाल' का रूप दे दिया है, जहां हर दिन लोग बेधड़क आकर अपनी समस्या सुना रहे हैं और तत्काल कार्रवाई का भरोसा लेकर लौट रहे हैं। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली यह जनसुनवाई शाम तक जारी रहती है। कार्यालय के बाहर फरियादियों की कतारें लग जाती हैं, किसी के घर के पास अवैध कब्जा, किसी का थाने में अटका मुकदमा, तो किसी का चोरी का मामला जिसमें महीनों से सुनवाई नहीं हुई थी। धवल जायसवाल हर फरियादी की बात पूरी गंभीरता से सुनते हैं, दस्तावेज देखते हैं और फिर उसी समय संबंधित थाना प्रभारी, जांच अधिकारी या विभागीय अफसर को फोन कर निर्देश देते हैं कि काम में देरी बर्दाश्त नहीं होगी, तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

# गैंगस्टर नाजिया अख्तर की बसों समेत कीमती चल संपत्ति पर चला गैंगस्टर अधिनियम का डंडा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संगठित अपराध के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर अभियुक्ता नाजिया अख्तर और उसके भाई फैजल अख्तर की पचहत्तर लाख रुपये की चल संपत्ति जब्त कर ली। पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ के निर्देशन में और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस की सघन कार्रवाई में यह संपत्ति गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्क की गई। जब्त संपत्ति में नाजिया अख्तर के नाम पंजीकृत टाटा एलपीओ 1515 टीसी बीएस-4 डीजल बस (कीमत लगभग 50 लाख रुपये) और फैजल अख्तर के नाम दर्ज ट्रैवलर टी-1 पर्यटन बस (कीमत लगभग 25 लाख रुपये) शामिल है। दोनों वाहन चमन कॉलोनी, न्यू बस अड्डा, गाजियाबाद स्थित उनके पते से जुड़े हुए हैं। नाजिया अख्तर का आपराधिक इतिहास भी गंभीर है। उसके खिलाफ थाना कविनगर में धोखाधड़ी, विश्वासघात, धमकी समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2025 में भी उस पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर भास्कर वर्मा ने कहा कि अपराधियों की अवैध कमाई और संसाधनों पर सीधी चोट कर उनके नेटवर्क को तोडा ही पुलिस का उद्देश्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अपराध कर अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों की कोई भी संपत्ति सुरक्षित नहीं रहेगी।

## 80 फुटा रोड के गंदे नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 80 फुटा रोड स्थित गंदे नाले में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और फौरन जांच शुरू की। मृतक की पहचान विक्रम एंक्लेव निवासी सुनिल कुमार के रूप में हुई है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सुनिल के पिता पुलिस विभाग में तैनात रह चुके हैं, जबकि सुनिल खुद चालक का काम करता था। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में कई सवाल खड़े हुए हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि यह एक साधारण हादसा नहीं, बल्कि सुनिल की हत्या की गई है।स्थानीय लोग भी घटना को लेकर तरह–तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, मृतक के मोबाइल रिकॉर्ड और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## स्टंटबाज युवक पहुंचा जेल की सलाखों के पीछे, साथी की तलाश जारी

**गाजियाबाद।** दिल्ली–मेरठ मार्ग पर मोदीनगर में चलती बाइक पर मौत से खेल रहे युवक का खतरनाक स्टंट आखिरकार उसे सीधे जेल की सलाखों तक ले गया। इंटरनेट मीडिया पर शुक्रवार को वायरल हुए वीडियो में एक युवक चलती बाइक की सीट पर खड़ा होकर स्टंट करता दिखा, जबकि उसका साथी बाइक की पिछली सीट पर बैठा था। इस लापरवाही भरे करतूत ने न केवल उनकी जान खतरे में डाली बल्कि राहगीरों की सुरक्षा को भी जोखिम में डाल दिया। वीडियो सामने आने पर मोदीनगर पुलिस तत्काल हरकत में आई और जांच में युवक की पहचान गांव सीकरी खुर्द निवासी विकास कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने उसकी बाइक सीज कर दी और विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# समाज के सच्चे नायकों को किया सम्मानित, 500 राखियाँ जाएँगी सैनिक भाइयों के लिए



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन के मौके पर शुक्रवार को रोज बेल पब्लिक स्कूल का परिसर देशभक्ति और भाईचारे की भावनाओं से सराबोर रहा। तिरंगा राखी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम में छात्राओं ने समाज के सच्चे नायकों को राखी बांधकर उनका सम्मान किया और देशसेवा के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर छात्राओं आर्तिका, दुर्गेश, अवनी, रश्मी, सोनाक्षी, परी, नीलम, अंशिका, छवि और जानवी ने क्षेत्र के विधायक संजीव शर्मा, थाना विजयनगर के एसएचओ शशि कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. त्रिपाठी, डॉ. शशांक त्रिपाठी, डॉ. विकल्प त्रिपाठी, पार्षद वार्ड-25 कनैह्या लाल और अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर के डॉ. निखिल त्रिवेदी को राखी बांधकर सम्मानित किया। स्कूल के डायरेक्टर (एकेडमिक्स) यशमीत सिंह ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ समाज के सच्चे नायकों का मनोबल बढ़ाती हैं और उन्हें और अधिक समर्पण से कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## मकानों में सेंध लगाने वाला कुख्यात वकील अहमद गैंग गिरफ्तार, आठ लाख का चोरी का माल बरामद

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में मकानों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का माल चुराने वाले कुख्यात चोर वकील अहमद और उसके साथियों को शालीमार गार्डन थाने की टीम ने धर दबोचा। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई ने अंतर्राज्यीय चोरी गैंग की कमर तोड़ दी। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने वकील अहमद के साथ दो अन्य अपराधियों को पकड़ा है, जो चोरी का माल खरीदने और बिकवाने में उसकी मदद करते थे। पकड़े गए गैंग के पास से हाल ही में शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात से संबंधित करीब आठ लाख रुपये का माल बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, वकील अहमद बेहद शातिर अपराधी है। वह पहले इलाके की बारीकी से रैकी करता और फिर मौका मिलते ही टारगेटेड मकान या दुकान को पूरी तरह साफ कर देता था।

# एनजीटी ने नगर निगम पर 17 .45 लाख का जुमार्ना ठोका

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में खुले में कचरा फेंकने की लापरवाही अब नगर निगम को भारी पड़ गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इस मामले में नगर निगम पर 17 लाख 45 हजार रुपये का पर्यावरणीय जुमार्ना लगाया है। ट्रिब्यूनल ने साफ निर्देश दिए हैं कि यह राशि दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खाते में जमा कराई जाए, ताकि इसे पर्यावरण सुधार कार्यों में लगाया जा सके। यह कार्रवाई उस शिकायत पर हुई, जो लक्ष्मी नारायण नानक नामक व्यक्ति ने एनजीटी में दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि नगर निगम खुले में कचरा डाल रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और वायु व जल प्रदूषण बढ़ रहा है। कचरे से निकलने वाला गंदा पानी जमीन में रिसकर भूजल को प्रदूषित कर रहा है और नालों में भी मिल रहा है। साथ ही, मृत जानवरों के फेंके जाने से हालात और बिगड़ गए हैं। शिकायतकर्ता ने इस मुद्दे पर जिला अधिकारी, नगर निगम और सरकारी पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर मामला एनजीटी पहुंचा। पर्यावरण विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि मौके पर लगभग 40 टन कचरा खुले में पड़ा था। नगर निगम ने एनजीटी में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि संबंधित स्थल से कचरा हटा दिया गया है और नई जगह की तलाश जारी है।

